दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 105 | सीकर, शनिवार 13 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## सुबेदार जगमाल शर्मा की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** तातीजा ग्राम पंचायत की गलदरिया की ढाणी में शुक्रवार को सुबेदार जगमाल शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 31 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुभाष कसाना थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संत कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, मनोज कुमार, छोटेलाल, मुकेश कसाना मौजूद थे। सुभाष कसाना ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए और समाज में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी की स्मृति को सेवा कार्यों से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। कार्यक्रम आयोजक प्रितम शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय सुबेदार जगमाल शर्मा की स्मृति को जनसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से हर वर्ष सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रक्तदान शिविर में झुंझुनू की समर्पण ब्लड बैंक टीम के डॉ. रोहित सैनी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रमेश एवं डॉ. समीर ने 31 यूनिट रक्त संग्रहण किया। इस दौरान राकेश गुर्जर, मोजी खटाना, राजकुमार, राकेश, सुंदरलाल, रोशनलाल बोहरा सहित कई लोगों ने सूबेदार जगमाल शर्मा के चित्र समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजी दी।

## सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित पक्ष को कुल 16.15 लाख का अवार्ड पारित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी तारानगर संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में कुल 16.15 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया। अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि दिनांक 24.03.2022 को डूंगरमल कलिया निवासी झांझनी की पत्नी हंसकोर व पुत्र मनीष मोटरसाईकल पर सवार होकर लाखलाण बड़ी से गांव झाझनी आ रहे थे, समय करीब सायं 7.30 बजे ओजरिया बस स्टेण्ड पर पहुंचे तो तारानगर की ओर से मैक्स गाड़ी नं. आरजे 13 यु 0035 का चालक जयलाल पुत्र बीरबलराम निवासी भांमरा ने अपनी गाड़ी को तेज गति व लापरवाही से चलाकर सही साइड में चल रही मनीष की मोटरसाईकल को टक्कर मार दीए जिससे मनीष व हसंकोर के गम्भीर चोटें आई। घायल अवस्था में मनीष को जिन्दल अस्पताल हिसार में भर्ती करवाया, जहां दौराने मनीष की मृत्यु हो गई। मृतक मनीष जोधपुर विश्वविधालय में बी.ए.एम.एस. प्रथम वर्ष का छात्र था। घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना तारानगर में दर्ज करवाई। पुलिस ने अनुसंधान कर मैक्स गाड़ी नं. आरजे 13 यु 0035 के चालक जयलाल के खिलाफ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर में सड़क दुर्घटना मानकर चालान पेश किया।

## घरेलू सीवरेज कनेक्शन के बताए लाभ

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** आरयूआईडीपी द्वारा शहर में चल रहे सीवरेज परियोजना कार्य के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ड संख्या 14 में राणी सती दादी मन्दिर प्रांगण में निवर्तमान पार्षद मनोज कुमार सोनी की अध्यक्षता में सामुदायिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने बताया कि आपके वार्ड में अब घरेलू सीवरेज कनेक्शन का कार्य चलेगा जिसमें घरों के शौचालय, स्नानघर व रसोई के पाईप जोड़े जायेंगे। ये कनेक्शन आरयूआईडीपी की ओर से नि:शुल्क किया जायेगा। बैठक में सभी से निवेदन किया गया की कार्य के दौरान घर का व्यक्ति स्वयं उपस्थित रहकर गुणवत्ता पुर्वक कार्य कराए। बैठक में एलएन्डटी कम्पनी के इंजीनियर सोयब कुरेशी ने सीवरेज घरेलू कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी व गुणवत्ता पुर्वक कार्य करने का भरोसा दिया गया।

# एक दिन में खरीद पाएंगे सिर्फ 200 लीटर डीजल

## कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सरकार ने जारी किया ऑर्डर

नई दिल्ली

देश में डीजल की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नया अस्थायी नियंत्रण आदेश लागू किया है। पिछले कुछ महीनों में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के रिटेल आउटलेट्स पर डीजल की मांग अचानक तेजी से बढ़ी थी, जिसके चलते सरकार ने यह नए नियंत्रण आदेश जारी किए है। इसके तहत अब रिटेल आउटलेट्स से प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल ही खरीदा जा सकेगा। यह आदेश शुरुआती तौर पर 90 दिनों तक लागू रहेगा और इसका उद्देश्य बल्क उपभोक्ताओं द्वारा सस्ते रिटेल डीजल के दुरुपयोग को रोकना है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला आम उपभोक्ताओं को राहत देने और रिटेल पंपों पर निर्बाध सप्लाई बनाए रखने के लिए लिया गया है।




### वाहन टैंक या अनुमति दिए गए कंटेनरों में ही मिलेगा डीजल

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मोटर स्पिरिट एंड हाई स्पीड डीजल (टेम्परी रेगुलेशन ऑफ सप्लाई थ्रू रिटेल आउटलेट्स) ऑर्डर, 2026 अधिसूचित किया है। इसके तहत भारतीय तेल निगम लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अब डीजल केवल वाहन टैंक या पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा अनुमति दिए गए कंटेनरों में ही दिया जाएगा। किसी भी ग्राहक या वाहन को प्रतिदिन 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं मिलेगा। साथ ही रिटेल आउटलेट से खरीदे गए डीजल की दोबारा बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

### बल्क डीजल की बजाय रिटेल डीजल की खरीद बढ़ी

सरकार के अनुसार औद्योगिक और कमर्शियल उपभोक्ता पिछले कुछ समय से बल्क डीजल की तुलना में सस्ता रिटेल डीजल खरीद रहे थे। रिटेल और बल्क कीमतों में लगभग 40 रुपये प्रति लीटर का अंतर होने के कारण कई कंपनियां अपने निर्धारित कंज्यूमर पंप छोड़कर सार्वजनिक रिटेल आउटलेट्स से खरीद कर रही थी। मई 2026 के आंकड़ों में 327 जिलों में डीजल बिक्री 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ी, जबकि 80 जिलों में यह वृद्धि 30 प्रतिशत से ज्यादा रही। निजी तेल विपणन कंपनियों की बिक्री में भी करीब 58 प्रतिशत गिरावट दर्ज हुई। सरकार को जरी कैन में डीजल खरीदकर उसकी अवैध बिक्री के कई मामले भी मिले थे।

### आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल या डीजल की कोई कमी नहीं है और यह कदम केवल अस्थायी नियंत्रण के लिए उठाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां फिलहाल पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी पर प्रतिदिन लगभग 500 करोड रुपये का भार उठा रही हैं ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कालाबाजारी और अनधिकृत डाइवर्जन रोकने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कानूनी कार्रवाई होगी।

## अध्यक्ष गुलेरिया का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के मूल निवासी और जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष रामकरण गुलेरिया व उनकी नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मानसरोवर स्थित हरी वन रिसॉर्ट में आयोजति हुआ। समारोह में राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि रहे। जबकि सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष रामकरण गुलेरिया, सचिव दिनेश सैनीए महासचिव विवेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामचंद मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजीवन चौधरी, उपाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष हनुमान बिजारनिया सहित नवगठित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक संजीव जैन, वरिष्ठ सलाहकार समिति, पूर्व पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। अपने संबोधन में अतिथियों ने समिति की एकता, संगठन की मजबूती एवं कैटरिंग व्यवसाय के विकास पर बल दिया तथा नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

## निवर्तमान पार्षद पर लगाया हठधर्मिका का आरोप

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चैम्बर चौक के निवासियों ने पूर्व वाईस चैयरमेन मुराद खान कायमखानी के नेतृत्व में एक ज्ञापन एडीएम संतोष कुमार को सौंपकर चैम्बर चौक में प्रस्तावित विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में लोगों ने बताया है कि निवर्तमान पार्षद की हठधर्मिता के कारण यहां पर विद्युत ट्रांसफार्मर प्रस्तावित किया गया है, जिसकी यहां पर जरूरत नहीं है। ज्ञापन में बताया गया है कि यह नगरपरिषद का पब्लिक पार्क है, जिसके कारण यहां पर विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया जाना उचित नहीं है।



ज्ञापन में विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए सही सही स्थान का चयन करने की मांग की गई है।

## श्याम संकीर्तन व अखंड ज्योत का आयोजन

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के नृसिंह मार्केट स्थित श्रीनृसिंहजी मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन व अखंड ज्योत का आयोजन किया गया। श्री नृसिंहदास सांगानेरिया परिवार की ओर से आयोजित संकीर्तन में श्री श्याम परिवार की मंडली ने बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, मंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई व पूजा अर्चना के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। भजन संध्या में भजन गायकों ने संगीतमय सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या के दौरान इत्र वर्षा व पुष्प वर्षा से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति की ओर से तिलोक कम्मा सहित कई गणमान्यजनों का दुपट्टा ओढाकर व कंठीमाला पहनाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर श्री श्याम परिवार के लक्ष्मीनारायण बणसिया, महेश प्रजापत, मनोज जोशी, बालकिशन धर्ड, प्रकाश सोनी, राजकुमार बणसिया, श्यामसुंदर धर्ड, राज कुमार सोनी, भगवती प्रसाद सांगानेरिया, विनोद सांगानेरिया, सुमित जोशी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे। मंदिर समिति के मुख्य सदस्य जितेंद्र बोगड़ ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।




## अहिंसा और शाकाहार का संदेश लेकर 17 जून को रवाना होगी 12 दिवसीय जैन तीर्थ यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर के सिद्धांतों, अहिंसा और शाकाहार के प्रचार-प्रसार के लिए 17 से 28 जून तक 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा आयोजित की जाएगी। यात्रा के पोस्टर का विमोचन बड़ के बालाजी स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चंद्रप्रभु में भामाशाह अशोक पाटनी आरके मार्बल्स ने किया। आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने यात्रा के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि धार्मिक यात्राएं और पदयात्राएं जैन संस्कृति के संरक्षण एवं धर्म प्रभावना का सशक्त माध्यम हैं।

संघ के संरक्षक सुभाष चंद जैन ने बताया कि यात्रा भक्ति, साधना, तीर्थदर्शन और आत्मिक उन्नति का संगम होगी। मुख्य संयोजक सुरेश ठोलिया ने बताया कि यात्रा दल 17 जून को सायंकाल भट्टारकजी की नसियां से वातानुकूलित बसों द्वारा रवाना होगा। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार यात्रा कौसमा, प्रभाष गिरी, कौशांबी, मंदारगिरी, सम्मेद शिखरजी, चम्पापुर, गुणावा, नवादा, पावापुरी जल मंदिर, कुंडलपुर, नालंदा, राजगीर, बोधगया, कोल्हुआ पहाड़, अयोध्या, अहिच्छेत्र पार्श्वनाथ और मथुरा चौरासी सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कर 28 जून को जयपुर लौटेगी। यात्रा के दौरान जैन धर्म के 20 तीर्थंकरों की निर्वाण स्थली शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी में 27 किलोमीटर की पर्वत वंदना भी की जाएगी। संयोजक सूर्य प्रकाश छाबड़ा ने बताया कि यात्रा में अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजा-अर्चना, पर्वत वंदना, दिगम्बर जैन संतों के दर्शन एवं प्रवचन के साथ भगवान महावीर के सिद्धांतों तथा अहिंसा-शाकाहार का संदेश जन.जन तक पहुंचाया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में विवेक काला, विनोद जैन कोटखावदा, जिनेंद्र जैन, प्रदीप जैन, मनीष बैद, राजेश रावका, कुशल ठोलिया, सुभाष बज, कमल वैद, भारतभूषण जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# चोरों का ताण्डव, ले गए लाखों के जेवरात

## भाजपा नेता संतोष मेघवाल के घर को भी चोरों ने बनाया निशाना, पुलिस ने किया मौका मुआयना

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ शहर में मानो चोरों ने ताण्डव सा मचा रखा है। एक के बाद एक लगातार तीन चोरियों की वारदातें सामने आई हैं। विधानसभा चुनावों में भाजपा की ओर से चुनाव लड़ चुकी बीदासर की निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल के घर को भी चोरों ने नहीं बख्शा। जानकारी के अनुसार संतोष मेघवाल का रेलवे फाटक संख्या एक के पास आवास स्थित है। जिसमें 10 जून की मध्यरात्रि के बाद चोरों के घुसने की सूचना है। भाजपा नेता संतोष मेघवाल से इस बारे में जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि चोर ताला तोड़कर मकान के अंदर घुसे और एक लकड़ी की आलमारी का दरवाजा तोड़ दिया। मेघवाल ने बताया कि चोर घर में पड़े पांच हजार रूपये, चांदी के सिक्के आदि सामान नहीं ले गए। लेकिन चोरों ने घर का सामान बिखेर दिया। दूसरी ओर मामले की जानकारी मिलने पर गुरूवार को दोपहर में डीएसपी स्वाति, सीआई बैगाराम मीणा ने मौका मुआयना किया और घटना की जानकारी ली। संतोष मेघवाल ने बताया कि चोर पकड़े जाने चाहिए, ताकि आगे से इस प्रकार की वारदातों पर रोक लग सके। दूसरी घटना इसी घर के पिछे की तरफ स्थित गली में हुई। मकान में किराये पर रहने वाले किरायेदार रामसिंह ने बताया कि मेरी चोला मंडलम फाइनेंस में नागौर ड्यूटी है और मैं नागौर गया हुआ था। जबकि मेरे बीवी बच्चे गांव गए हुए थे। महावीर पाण्डिया के मकान में हम लोग किराये पर रहते हैं। आज मेरे पास फोन आया कि आपके घर के ताले टूटे हुए पड़े हैं, जिस पर मैंने आकर देखा तो घर में बाहर के गेट व कमरों के कुल 5 ताले टूटे हुए पड़े थे। रामसिंह ने बताया कि चोरों ने बच्चों के गुल्लक के 8.10 हजार रूपये चोरी कर लिए। जबकि एक आलमारी को तोड़ डाला। इसी प्रकार चांदी के गिलास, कटोरी, चांदी की पायजेब आदि सामान भी चोरी हुआ है। रामसिंह ने बताया कि सूचना पर कोतवाली थाने के विक्रम ने मौका मुआयना किया है। तीसरी घटना का जिक्र करें तो इन्द्रगिरी आश्रम के पास स्थित ओमप्रकाश पारीक के घर पर चोरी हुई है। ओमप्रकाश पारीक हैदराबाद रहते हैं। उनके मकान में किरायेदार ललिता रहती है, जो गर्मी की छूट्टियां होने के कारण बच्चों के साथ अपने पीहर हेमासर अगुणा गई हुई थी। ललिता के पति विदेश रहते हैं। ललिता ने बताया कि शुक्रवार को आकर मैंने मकान देखा, तो ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा पड़ा था, जिस पर मैंने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ओमप्रकाश के भाई गनोड़ा निवासी शंकरलाल पारीक ने बताया कि करीब डेढ़ से पौने दो किलो चांदी के जेवरात और सवा-डेढ़ भरी सोने का सामान चोर ले गए। इसी प्रकार कीमती कपड़े भी चोर ले गए। मामले की जानकारी मिलने पर कोतवाली थाने के एएसआई तेजाराम ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। वहीं शंकरलाल पारीक ने बताया कि चोरों को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया जाना जरूरी है। दूसरी ओर संतोष मेघवाल के घर पर हुई चोरी की बात करें, तो रात के करीब पौने दो बजे दो युवक घूमते हुए सीसीटीवी में नजर आ रहे हैं। हालांकि किसी घर में कूदते हुए या निकलते हुए युवकों या चोरों का सीसीटीवी अब तक सामने नहीं आया है।



## कोबरी-सार



# रिहायशी इलाके में मिला बारूद का बड़ा ढेर

## दो गोदामों से पकड़ा अवैध पटाखों का जखीरा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने रिहायशी इलाके में अवैध रूप से संचालित दो गोदामों पर कार्रवाई करते हुए पटाखों से भरे 2 हजार 102 कार्टून जब्त किए हैं। पुलिस ने गोदाम संचालक विनोद कुमार अग्रवाल 41 निवासी झोटवाडा जयपुर को गिरफ्तार किया है । वहीं बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि अवैध विस्फोटक पदार्थों के भंडारण और फैक्ट्रियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 11 जून को करधनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि वसंत विहार कॉलोनी स्थित दो बंद गोदामों में बड़ी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने गोदाम संचालक विनोद अग्रवाल को मौके पर बुलाकर गोदाम खुलवाए। तलाशी के दौरान विभिन्न कंपनियों के पटाखों से भरे 2 हजार 102 कार्टून बरामद हुए। पूछताछ में संचालक





कोई वैध लाइसेंस या भंडारण अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर पुलिस ने सभी कार्टून जब्त कर विनोद कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि डीसीपी प्रशांत किरण ने चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस विस्फोटक पदार्थों का भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यदि ऐसे अवैध भंडारण के कारण कोई हादसा होता है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक चमन लाल, उप निरीक्षक आशीष कुमार, सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे।

### राजेश व मुकेश की नियुक्ति पर जताया आभार

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा की लगातार मेहनत रंग लाई है। महासभा के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा को भाजपा चिड़ावा मंडल उपाध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष मुकेश को भाजपा चिड़ावा मंडल कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कुम्हार, कुमावत, जाती समाज के दो कर्मठ युवाओं को भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेवारी मिलना पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। यह नियुक्ति दर्शाती है कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व का महासभा के कार्यकर्ताओं पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षनी कुलहरी, भाजपा प्रत्याशी राजेश दहिया, भाजपा जिला मंत्री विनोद कुमावत एवं चिड़ावा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर का हार्दिक आभार जताया। जिला अध्यक्ष अशोक कुमावत ने कहा कि यह हर कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है।

पानी की किल्लत से बेखबर जलदाय विभाग

### ट्यूबवेल की जगह चिह्नित कर भूल गया विभाग



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शहर में चल रही पानी की किल्लत को लेकर जलदाय विभाग बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है। नतीजन शहर के कई इलाके पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। वार्ड नंबर 26 के कई इलाके वर्षों से पानी की किल्लत से परेशान है, वार्ड नंबर 26 के देव गैस गोदाम से लेकर हरिजन बस्ती, मोरदिया कॉलोनी व माधव विहार कॉलोनी तक पानी की किल्लत बनी हुई है। समस्या को लेकर पिछले 2 महीने पहले कांग्रेस नेता आनंद सिंह कच्छावा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता श्रीराम चाहिल से मुलाकात कर समस्या के संबंध में अवगत कराया। अधिशासी अभियंता ने तत्काल उक्त क्षेत्र में दो ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृत होने की बात कही। स्वीकृति के तहत इलाके में दो जगह ट्यूबवेल लगाने के लिए जगह चिह्नित की तथा ट्यूबवेल की मशीन नहीं लगने में व्यवधान आ रहे बिजली के पोल हटाने तथा डीपी लगाने की कार्रवाई भी तत्काल अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता संजीव पारीक के सकारात्मक सहयोग से पूरी की गई। लेकिन जलदाय विभाग के आला अधिकारी ट्यूबवेल की जगह चिह्नित करने के बाद गहरी निद्रा में सो गए। नतीजा आज भी वार्ड नंबर 26 के लोग पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं कांग्रेस नेता आनंद सिंह कच्छावा ने कहा कि अगर समय रहते चिन्हित जगह पर ट्यूबवेल का कार्य शुरू नहीं किया गया तो इलाके के लोगों को साथ लेकर जलदाय विभाग घेराव किया जाकर प्रदर्शन किया जाएगा जाएगा।

### रितू ने रचा इतिहास, सेकेंड ग्रेड मैथ में चयन से बावरिया समाज का बढ़ाया मान

निसं



**पाटन ( नवयत्न )।** प्रतिभा और मेहनत के दम पर राजपुरा निवासी कैलाश बावरिया की पुत्री रितू ने सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा में गणित विषय से चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे बावरिया समाज का नाम रोशन किया है। रितू राजपुरा बावरिया समाज की पहली बेटी हैं जिन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रितू की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समाज के लोगों ने इसे बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। इस अवसर पर प्रशासक मुकेश मीणा ने रितू को साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रितू की सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और वे शिक्षा के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगी। समाज के गणमान्य लोगों एवं ग्रामीणों ने रितू और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। रितू की मेहनत, लगन और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। रितू की इस ऐतिहासिक सफलता पर परिजनों, समाजबंधुओं एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गवर्नर में दिखी आर्थिक संकट से जूझते भारत की प्रेरक कहानी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देशभर में शुक्रवार को रिलीज हुई बहुप्रतीक्षित फिल्म गवर्नर की विशेष स्क्रीनिंग जयपुर में आयोजित की गई। जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों, सिनेमा प्रेमियों और अतिथियों ने फिल्म की विषयवस्तु, अभिनय और प्रस्तुति की सराहना की। भारत के 1990 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक प्रभावशाली पॉलिटिकल-इकोनॉमिक ड्रामा है, जो देश को आर्थिक संकट से उबारने की कहानी को रोचक ढंग से प्रस्तुत करती है। फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेयी ने आरबीआई गवर्नर की केंद्रीय भूमिका निभाई है, जबकि अदा शर्मा युवा पत्रकार और मधु ने उनकी पत्नी के संवेदनशील किरदार को जीवंत किया है। निर्देशक चिन्मय मांडलेकर ने 90 के दशक के आर्थिक और राजनीतिक माहौल को यथार्थवादी अंदाज में पर्दे पर उतारा है। लेखकों शुभेंदु भट्टाचार्य, रवि असरानी और सौरभ भारत ने अर्थशास्त्र जैसे जटिल विषय को आम दर्शकों के लिए सहज और रोचक बनाया है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर, सिनेमेटोग्राफी और सहायक कलाकारों का अभिनय भी कहानी को मजबूती प्रदान करता है। फिल्म न केवल भारत के आर्थिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को सामने लाती है, बल्कि नेतृत्व, जिम्मेदारी और कठिन परिस्थितियों में लिए गए निर्णयों की प्रेरक कहानी भी कहती है। समीक्षकों के अनुसार गवर्नर इस वर्ष की प्रभावशाली और विचारोत्तेजक फिल्मों में शामिल होने की क्षमता रखती है।

### डॉ चतुर्वेदी को मिलेगा विद्वत् सम्मान

विजेंद्र सिंह लमोरिया



चिड़ावा (नवयत्न)। रेलवे स्टेशन के पास वार्ड नौ निवासी पूर्व संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी एवं संस्कृत भारती झुंझुनू के जिला अध्यक्ष डॉ. कैलाश चतुर्वेदी को रविवार को विद्वत् सम्मान दिया जाएगा। वैदिक प्रकोष्ठ राजस्थान के अध्यक्ष पंडित अरुण कुमार शर्मा वेदाचार्य ने बताया कि विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित विद्वत् वन्दन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 14 जून सुबह 10 .30 बजे चौमूं में आयोजित किया जाएगा। इस राज्यस्तरीय समारोह में चिड़ावा के पाणिनीय व्याकरण, संस्कृत साहित्य व ज्योतिष शास्त्र के मूर्धन्य विद्वान् डॉ. कैलाश चतुर्वेदी को संस्कृत व्याकरण, सनातन संस्कृति तथा संस्कृत भाषा के उन्नयन व प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा।

### हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी का उर्स 14 जून से



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह का 10वां सालाना उर्स 14 से 16 जून तक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर उर्स के आधिकारिक पोस्टर का भी विमोचन किया गया। दरगाह के सज्जादानशीन डॉ. सैय्यद हबीब उर रहमान नियाजी ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स का आगाज 14 जून को शाम आयोजित होने वाली सूफी कॉन्फ्रेंस से होगा। कॉन्फ्रेंस की सदारत अजमेर दरगाह के दीवान हजरत सैय्यद नसीरुद्दीन चिश्ती करेंगे। इस दौरान मेरा मुल्क मेरी पहचान, मेरी पहचान हिन्दुस्तान विषय पर विचार-विमर्श होगा। प्रदेशभर की विभिन्न दरगाहों के प्रतिनिधि भी इसमें शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि रात में सूफी क्लासिकल म्यूजिक नाइट का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध फनकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 15 जून को सुबह 7 बजे कुरानखानी, सुबह 11 बजे मजार मुबारक का गुस्ल और शाम 6 बजे चादर पेश की जाएगी। रात 9 बजे लंगर का आयोजन होगा, जबकि देर रात महफिल-ए-समा में देशभर के नामचीन कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे। उर्स के अंतिम दिन 16 जून को सुबह मिलाद शरीफका आयोजन होगा। नमाज-ए-जोहर के बाद कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा शाम 5 बजे कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा। दरगाह के नायब सज्जादानशीन सैय्यद फैज उर रहमान नियाजी ने बताया कि उर्स में प्रदेश, देश और विदेश से बड़ी संख्या में मुरीद एवं अकीदतमंद शामिल होंगे। कई प्रमुख हस्तियों के भी उर्स में शिरकत करने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उर्स की सभी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं।

### आयुर्वेद जागरूकता एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में आयोजित एसयूपीडब्ल्यू शिविर के पांचवें दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी बहादुर सिंह महला एवं शायर गढ़वाल ने बताया कि प्रथम सत्र में आयुर्वेद चिकित्सालय श्रीमाधोपुर से पधारी आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ नीरू पारीक ने छात्राध्यापिकाओं को आयुर्वेद की उपयोगिता, स्वस्थ जीवनशैली तथा महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं एवं सामान्य बीमारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्राध्यापिकाओं ने बड़ी रुचि से उनके विचारों को सुना तथा स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। सतीश तोमर एवं भागीरथ शर्मा के अनुसार द्वितीय सत्र में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शायर गढ़वाल के निर्देशन में शिवानी कुमारी, पूजा सैनी, प्रियंका गौडवाल, तमन्ना वर्मा, संगीता मंगावा एवं शीतल गोरा सहित सात सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रुप बी राजमाता देवल देवी की प्रियंका कंवर एवं रविना गौडवाल ने प्रथम स्थान, ग्रुप ए रानी कर्णावती की काजोल कंवर एवं खुशी मौर्य ने द्वितीय स्थान तथा ग्रुप सी महारानी पद्मिनी की संजू एवं रिंकू सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। धर्मपाल वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में मनोरंजनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीएल सैनी सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

### 21 को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में 21 जून को सुबह योग दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने सभी बीसीएमओ, पीएमओ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं। जिले के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्रों में योग दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 8 बजे से योगाभ्यास किया जाएगा और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आमजन को योग के फायदों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## नमो क्रिकेट कप सीजन-8 का आगाज



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के बाबा छोटूनाथ खेल मैदान में गुरुवार रात नमो क्रिकेट कप सीजन-8 का शुभारंभ हुआ। ये एक रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता है, जिसके उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे मैदान को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। अतिथियों ने प्रतियोगिता की आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया।

#### पीथरासर ने जीता उद्घाटन मैच

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं में अनुशासनए नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। सुभाष बिश्नोई के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला कुदसू और पीथरासर की टीमों के बीच खेला गया। इसमें पीथरासर ने 9 विकेट से जीत हासिल की।

मैच से पहले टॉस हुआ, जिसमें कुदसू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने उनका उत्साह बढ़ाया।

#### 64 टीमों ने लिया हिस्सा

आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों और कस्बों की कुल 64 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे मुकाबले काफी प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद है।

#### विजेता को मिलेंगे 1 लाख रुपए

टूर्नामेंट में विजेता टीम को 1 लाख रुपए और उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। ऑरेंज कैप एवं पर्पल कैप विजेताओं को 5-5 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा आकर्षक ट्रॉफियां और अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। रात्रिकालीन रोशनी में खेले जा रहे ये मुकाबले दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस अवसर पर समाजसेवी उत्तम लुणावत, भगवानराम भादू, राजकुमार करणानी, सीताराम देहडू, उदासर के पूर्व सरपंच चेतनराम सियाग, पर्यावरणप्रेमी सुभाष बिश्नोई, रिछपाल फौजी, श्रवण जाखड़, राजेन्द्र देहडू, महिराम जानी, रामनिवास देहडू और सुशील भाम्भू खारा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## ग्रामीण शिविर का शुभारंभ



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम सुनिल कुमार, बीडीओ महेंद्र कुमावत, नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला, समाज सेवी हरीराम गुर्जर, प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा, बह्मानंद दौचानिया मौजूद थे। अध्यक्षता गोठड़ा सरपंच सरती देवी ने की। मुख्य अतिथि इंजी. धर्मपाल गुर्जर ने विधिवत रूप से फिता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 22 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी ने सेवाएं दी। मुख्य अतिथि इंजी. धर्मपाल गुर्जर संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान और आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके गांव में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायाना ही मुख्य उदेश्य है। उन्होंने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राजस्व विभाग के नामांतरण एवं बंटवारा संबंधी कार्य, खाद्य सुरक्षा योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से जुड़े अनेक कार्य शिविर में ही संपादित किए जा रहे हैं। बीडीओ महेंद्र कुमावत ने बताया कि शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा जांच कर नि:शुल्क दव वितरण, पशु पालन द्वारा 271 पशु पालकों को लाभांवित कर 58 मंगला पशु बीमा, बिजली विभाग ने 13 प्रकरण निस्तारण किए, आईसीपीएस द्वारा 45 महिलाओं को लाभांवित किया, रास्ता प्रकरण दो, जन्म-मृत्यू पंजिकरण नौ, विवाह पंजिकरण पांच, खाता शुद्धीकरण पांच, पांच शौचालय स्वीकृत सहित अन्य कार्य किए गए साथ ही पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में डेढ साल से नाम जुड़वाने के लिए गोठड़ा निवासी निशा जांगिड़ पुत्र वधु ओमप्रकाश जांगिड़ परेशान चल रही थी, शिविर के दौरान विकास अधिकारी ने निशा जांगिड़ की जांच कर मौके पर ही आवेदन सवीकृत कर दिया। इस दौरान सात महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी विजेंद्र सिंह, पटवारी विरेंद्र सिंह, पीएचडीए पीडब्लूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### किसान नेता धायल के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सोशल मीडिया के बढ़ते दायरे के साथ साइबर ठगी के मामलों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र धायल के नाम और पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नरेन्द्र धायल ने सदर थाना सीकर में शिकायत दर्ज करवाई है तथा पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नरेन्द्र धायल ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व उनके नाम, फोटो और पहचान का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट संचालित कर रहे हैं। इन अकाउंट्स के माध्यम से लोगों से संपर्क कर विभिन्न बहानों से आर्थिक सहायता या अन्य कारणों का हवाला देकर पैसे मांगने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका ऐसे किसी भी फर्जी अकाउंट, बैंक खाते या धनराशि की मांग से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को उनके नाम से कोई संदेश, कॉल या सोशल मीडिया के माध्यम से पैसे भेजने का आग्रह प्राप्त होता है तो उस पर विश्वास न करें। किसी भी प्रकार की आर्थिक लेन.देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति की पहचान और सत्यता की पूरी जांच अवश्य करें। धायल ने कहा कि साइबर अपराधी अब प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के नाम का दुरुपयोग कर लोगों को ठगने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसे मामलों में थोड़ी सी लापरवाही भी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है।

## कृष्ण जन्म नंदोत्सव पर बिखरी खुशियां

**जयपुर ( नवयत्न )।** दीनानाथ जी का रास्ता स्थित श्री श्याम बिहारी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत कृष्ण जन्म नंदोत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया। कथा व्यास पंडित अनूप जोशी ने जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और नंदोत्सव प्रसंग का वर्णन किया, पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से गूंज उठा। इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा आकर्षक झांकियां सजाई गईं। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर बधाइयां दीं और श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। कथा स्थल पर माखन-मिश्री, पंचामृत और प्रसाद का वितरण किया गया। उत्सव के दौरान कपड़े, खिलौने, टॉफियां, फल और मिठाइयों की उछाल के



साथ बधाई गान का आयोजन हुआ। पूरे कथा स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। आयोजकों ने बताया कि 14 जून को पूर्णाहुति, महायज्ञ, हवन और विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा

## 9 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का हुआ शिलान्यास



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** बढ़ती आबादी और पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए चिड़ावा शहर में अमृत जल योजना के तहत 9 लाख लीटर क्षमता की नई पानी की टंकी सीडब्लूआर का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मंड्रेला रोड स्थित पंप हाउस के पास विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश दहिया रहे जबकि अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर ने की। इस अवसर पर राजेश दहिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय मंत्री कन्हैयालाल का आभार व्यक्त किया। दहिया ने बताया कि अमृत जल योजना के तहत मंडेला रोड पम्प हाउस पर नौ लाख लीटर की सीडब्लूआर टंकी एवं सात लाख लीटर की एक और टंकी बनाई जाएगी। भूतनाथ मंदिर चिड़ावा में नौ लाख लीटर की टंकी अभी हाल ही में बनाई गई है। झुंझूनू रोड स्थित पम्प हाउस पर भी नौ लाख लीटर की पानी की टंकी बनाई जाएगी। चिड़ावा शहर में 29700 मीटर नई पाइप लाइन भी डाली जाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पार्षद राजेंद्र कोच, पार्षद मदन डारा, सुरेश जलिंद्रा, पार्षद सम्पत देवी, पार्षद रविकांत शर्मा, मोहित तामड़ायत, पार्षद मंजीत, पार्षद गंगाधर सैनी, विनय सोनी, पार्षद अंकित भगेरिया, पीयूष बाछुका, राजेश वर्मा, रिंकू शर्मा, ख्याति केडिया, सुनील भड़िया, पवन शर्मा, अमित सैनी, सुशील डाबला, राजकुमार गजराज, अमित चोटिया, मंगेश भगत, किशोरी लाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, विनोद गिरधर सहित अन्य गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## बिना लाइसेंस गाड़ी-बाइक किराए पर दी तो खैर नहीं : पचार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में किराए पर वाहन उपलब्ध कराने वाली रेंट-ए-कैब और बाइक रेंटल सेवाओं पर जयपुर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। आपराधिक गतिविधियों में किराए के वाहनों के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 12 जून से लागू होकर 11 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार के अनुसार कई व्यक्ति और फर्म बिना वैध कमर्शियल पंजीकरण के वाहन किराए पर उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसे मामलों में अपराधी अपनी पहचान छिपाकर वाहनों का उपयोग विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कर सकते हैं। इसके अलावा निजी उपयोग के लिए पंजीकृत वाहनों को भी अवैध रूप से किराए पर दिए जाने की शिकायतें मिली हैं। आदेश के तहत केंद्र सरकार की रेंट ए कैब स्कीम-1989 के अनुसार वाहन किराए पर देने के लिए परिवहन विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। निजी व्हाइट प्लेट दुपहिया और चार पहिया वाहनों को व्यावसायिक रूप से किराए पर नहीं दिया जा सकेगा। पुलिस ने रेंटल फर्मों को अपने सभी प्रबंधकों, एजेंटों और कर्मचारियों का पूरा विवरण रखने तथा उनका पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। वाहन किराए पर लेने वाले व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड सहित अन्य वैध पहचान दस्तावेजों का रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य होगा। विदेशी नागरिकों को वाहन किराए पर देने की स्थिति में पासपोर्ट, वैध वीजा और अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट की प्रतियां सुरक्षित रखनी होंगी। साथ ही सभी फर्मों को वाहन संख्या, बुकिंग समय, वापसी समय और गंतव्य स्थल का रिकॉर्ड रजिस्टर अथवा कंप्यूटर डेटाबेस में दर्ज करना होगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मांग किए जाने पर संबंधित रिकॉर्ड तत्काल पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध कराना होगा। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासन की बड़ी लापरवाही : हल्की बारिश में ही टापू बन जाता है शहर

## आक्रोशित व्यापारियों ने दी अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगर पालिका सिंघाना में चरमराई सफाई व्यवस्था और जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय व्यापारियों और आमजन का गुस्सा फूट पड़ा है। लंबे समय से प्रशासन की कथित अनदेखी से परेशान व्यापारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। शुक्रवार को युवा सामाजिक कार्यकर्ता डीपी सैनी के नेतृत्व में आक्रोशित व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका कार्यालय पहुंचा और अधिशासी अधिकारी जेके गोयल को एक सख्त चेतावनी भरा ज्ञापन सौंपा। सिंघाना पुलिस थाने से बाइपास तक नरक जैसे हालात ज्ञापन सौंपते हुए नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी पी सैनी ने अधिशासी अधिकारी से स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस थाना सिंघाना के सामने से लेकर सिंघाना बाइपास एवं खेतड़ी रोड की तरफ जाने वाले बड़े नाले की लंबे समय से नियमित सफाई नहीं हुई है। इसका नतीजा यह है कि हल्की सी बरसात होते ही मुख्य सड़क दरिया बन जाती है। चारों तरफ कचरे और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे स्थानीय दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है।

### राहगीरों का निकलना दूभर, महामारी का खतरा

सड़कों पर जमा बदबूदार पानी और नाले की गंदगी के कारण आम जनता और राहगीरों का पैदल निकलना भी दूभर हो चुका है। व्यापारियों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि इस भयंकर गंदगी के चलते क्षेत्र में कभी भी कोई बड़ी महामारी फैल सकती है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है। व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सुरेंद्र गुर्जर ने आरोप लगाया कि इस जन-समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार नगर पालिका प्रशासन को लिखित ज्ञापनों के माध्यम से अवगत कराने का प्रयास किया गया लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई या सुनवाई नहीं हुई जो कि बेहद चिंताजनक है।

### सात दिन का अल्टीमेटम, समाधान नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना

ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका प्रशासन को अंतिम चेतावनी देते हुए सात दिवस का समय दिया गया है। यदि आगामी सात दिनों के भीतर उक्त मार्ग के नाले की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो समस्त व्यापारी वर्ग और आमजन नगर पालिका कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। व्यापारियों ने साफ लफ्जों में चेतावनी दी है कि इस आंदोलन और अनिश्चितकालीन धरने से होने वाली किसी भी प्रकार की असुविधा, कानून व्यवस्था की स्थिति और जान-माल के नुकसान की समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर झुंझुनू और उपखंड अधिकारी बुहाना को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है।



### ज्ञापन सौंपने के दौरान ये रहे मौजूद

इस दौरान डी पी सैनी के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से सुरेंद्र गुर्जर, बाबुलाल कालोडिया, लालचन्द्र सैनी, सियाराम शर्मा, राजेश मीणा, विशाल गुर्जर, सुनील, आकाश सैनी, हिमांशु, प्रकाश, अजीत जांगिड़, नवीन, दीपक सैनी, राजू गराटी, रणजीत, राधेश्याम शर्मा, मुकेश कुमार, विक्रम सैनी, सज्जन गोयल, देवीसिंह भाटी, बजरंग कुमार, मनोज भार्गव, राकेश, मुकेश, जगमाल सिंह, प्रवीण, मुकेश सैनी, दीपचंद कुमार सैन, सुमित जांगिड़, रामकिशन, विनोद कुमार, मोहम्मद मुमताज, सतीश कुमार, रविकुमार, सीताराम, सुनील यादव सहित तीन सौ से अधिक व्यापारियों ने हस्ताक्षर कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

### एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला

## फिजिकल में फेल होने वाला अभ्यर्थी एसओजी के शिकंजे में

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप ने उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक प्रकरण में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभ्यर्थी बृजेश कुमार मीणा निवासी महुआ जिला दौसा ने परीक्षा से पहले लीक हुआ सॉल्वड पेपर पढ़कर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की थी लेकिन शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल होने के कारण उसका अंतिम चयन नहीं हो पाया। फिलहाल आरोपित से एसओजी टीम पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि जांच में सामने आया कि दौसा जिले के महुआ क्षेत्र के टिकरी जाफरान निवासी बृजेश के पिता स्वरूपचंद मीणा ने पेपर लीक गिरोह के सरगना हर्षवर्धन कुमार मीणा से 45 लाख रुपए में सौदा किया था। इसके बाद परीक्षा से पहले बृजेश को लीक हुआ सॉल्वड पेपर उपलब्ध कराया गया। जिसे पढ़कर उसने 15 सितंबर 2021 को अजमेर में आयोजित परीक्षा दी। एसओजी के अनुसार बृजेश ने हिंदी विषय में 200 में से 116.23 अंक तथा सामान्य ज्ञान में 200 में से 126.01 अंक हासिल किए थे। लिखित परीक्षा पास करने के बावजूद वह फिजिकल टेस्ट में असफल रहा और चयन से वंचित रह गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अन्य भर्ती परीक्षाओं में भी अनियमितताओं में शामिल रहा है। वर्ष 2022 की हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा में उसने अपनी जगह डमी अभ्यर्थी को बैठाकर चयन हासिल किया था जबकि एमटीएस भर्ती परीक्षा-2022 में वह स्वयं किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने पहुंचा था। इन दोनों मामलों में भी उसके खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज हैं। एसओजी ने बताया कि पेपर लीक गिरोह के सरगना हर्षवर्धन कुमार मीणा और आरोपी के पिता स्वरूपचंद मीणा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा उनके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र भी पेश किया जा चुका है। एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक



मामले में अब तक कुल 145 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। फिलहाल बृजेश कुमार मीणा से पूछताछ कर मामले की गहन जांच की जा रही है।

## मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : रामदास आठवले



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शास्त्री नगर स्थित आनन्दम जन उपयोगी भवन में आरसीएमआईसीसी रिजर्व कैटेगरी एंड माइनॉरिटी इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ओम गोविन्द परमार्थ संस्थान और नबतोरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रणेता-2026 वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन सम्मान समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को यदि कोई समस्या या परेशानी हो तो वह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राधामोहन सैनी के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनसमस्याओं को संबंधित स्तर पर उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि श्मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस अवधि में विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। अपने संबोधन में आठवले ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मोदी सरकार की उपलब्धियों से परेशानी हो रही है और विपक्ष विकास कार्यों को स्वीकार करने के बजाय अनावश्यक आलोचना कर रहा है। समारोह में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।

## छह पुलिसकर्मियों को मिला कांस्टेबल ऑफ द मंथ अवॉर्ड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय और समर्पित सेवाएं देने वाले छह पुलिसकर्मियों को मई-2026 के लिए कांस्टेबल ऑफद मंथ अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जयपुर पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना को साकार करना है तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और वे बेहतर जनसेवा के लिए प्रेरित होते हैं। लिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जिला पूर्व से जवाहर नगर थाने के कांस्टेबल सियाराम को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 30 मोबाइल फोन रिकवर कर उनके मालिकों को लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया। जिला पश्चिम से भांकरोटा थाने के कांस्टेबल राकेश कुमार को बुजुर्ग दंपती से हुई वारदात के मामले में



सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और आसूचना संकलन के जरिए चार आरोपियों को गिरफ्तार कराने तथा उनके कब्जे से 44.50 लाख रुपए, एक देशी पिस्टल, वारदात में प्रयुक्त वाहन और फिरौती की राशि से खरीदा गया सामान बरामद कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान मिला। जिला उत्तर से माणकचौक थाने के कांस्टेबल मंजीत को म्यूल हंटर अभियान में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा विशेष अभियान के दौरान 130 गुमशुदा मोबाइल रिकवर कर उनके मालिकों को लौटाने के लिए पुरस्कृत किया गया। जिला दक्षिण की अपराध शाखा में कार्यरत कांस्टेबल लालाराम को दक्षिण जिले के अपराध संबंधी सांख्यिकीय आंकड़ों और प्रस्तुतियों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। यातायात दक्षिण के कांस्टेबल राहुल को यातायात संचालन सुगम बनाने, आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई के लिए अवॉर्ड दिया गया। वहीं डीआर, फ शाखा रिजर्व पुलिस लाइन के कांस्टेबल नरेन्द्र नेहरा को वीआईपी और वीवीआईपी आगमन के दौरान एस्कॉर्ट, पायलट एवं पीएसओ ड्यूटी का दायित्व मेहनत और दक्षता से निभाने पर सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास पुलिस बल में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

## डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट ने दिया 11 करोड़ का बजट

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट झुंझुनू द्वारा सूरजगढ़ विधानसभा के चहुंमुखी विकास के लिए पूर्व सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर 11 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की ऐतिहासिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व सांसद अहलावत ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षेत्र के हित में फैसला लेते हुए जनता की मांग पर तैयार प्रस्ताव पास किए है। इन प्रस्तावों में क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मत, स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं व चारदीवारी का निर्माण, ग्रामीण युवाओं के लिए खेल मैदानों का विकास और अन्य मूलभूत सुविधाओं का सुदर्ढ़ीकरण किया जाएगा।

## रक्तदान का संकल्प बन सकता है किसी की जिंदगी का सहारा : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के ब्लड सेंटर एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे सुरक्षित, सरल और नि:स्वार्थ सेवाओं में से एक है। एक यूनिट रक्तदान से दुर्घटना पीड़ितों, कैंसर मरीजों, सर्जरी कराने वाले रोगियों और गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं की जान बचाई जा सकती है। इसके बावजूद भय, भ्रांतियों और जागरूकता की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग रक्तदान से बचते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि रक्त को रेड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स में विभाजित किया जा सकता है, जिससे एक रक्त दाता कई मरीजों की मदद कर सकता है। भारत में रक्तदान के लिए व्यक्ति की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच, वजन कम से कम 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम प्रति डेसीलीटर या उससे अधिक होना चाहिए। इसके अलावा व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ हो और किसी संक्रमण या बुखार से ग्रसित न हो। उन्होंने बताया कि पुरुष प्रत्येक 90 दिन और महिलाएं प्रत्येक 120 दिन बाद रक्तदान कर सकती हैं। रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकांश सामान्य दवाएं लेने वाले लोग रक्तदान कर सकते हैं। नियंत्रित ब्लड प्रेशर, मधुमेह ओरल दवाओं के साथ, हाई कोलेस्ट्रॉल या गर्भनिरोधक दवाएं रक्तदान में बाधा नहीं हैं। हालांकि ब्लड थिनर, कीमोथेरेपी या सक्रिय संक्रमण की स्थिति में कुछ समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

टैटू बनवाने को लेकर फैली भ्रांति पर उन्होंने कहा कि यदि टैटू स्वच्छता मानकों का पालन करने वाले केंद्र में बनवाया गया हो तो तीन से छह माह बाद रक्तदान किया जा सकता है। वहीं कम वजन और दुबले शरीर वाले व्यक्ति भी यदि उनका वजन निर्धारित सीमा में है और स्वास्थ्य अच्छा है, तो रक्तदान कर सकते हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि रक्तदान से शरीर में स्थायी कमजोरी नहीं आती। शरीर कुछ ही दिनों में दान किए गए रक्त की पूर्ति कर लेता है। पर्याप्त पानी और हल्का भोजन लेने से रक्तदान के बाद होने वाली सामान्य असुविधाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकती हैं। केवल मासिक धर्म के दौरान रक्तदान से बचने और निर्धारित अंतराल का पालन करने की सलाह दी जाती है।

### जयपुर पुलिस कमिश्नर पुलिस आज करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 13 जून शनिवार को दोपहर 11:30 से 01:30 बजे तक पुलिस थाना मालवीय नगर पर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान मालवीय नगर सर्किल के मालवीय नगर, एयरपोर्ट, जवाहर सर्किल, खो नागोरियान एवं बजाज नगर थानों के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुँचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, शिवदासपुरा, आमेर, रामगंज, चित्रकूट एवं बस्सी थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## पेपर लीक और बेरोजगारी के खिलाफ 15 जून को होगा महा प्रदर्शन

निसं




जयपुर (नवयत्न)। कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी की ओर से शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर 15 जून सोमवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर विशाल जनप्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से छात्र, अभिभावक, बेरोजगार युवा, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने का दावा किया गया है। पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका, प्रदर्शन प्रभारी दीपक बालियान, मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन बिट्टू तथा दलित एक्टिविस्ट रोशन मुड़िया ने प्रदर्शन की जानकारी दी। आशुतोष रांका ने कहा कि युवाओं की समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता रहा है, लेकिन अब युवा अपने अधिकारों और भविष्य को लेकर संगठित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पुणे में हुए आंदोलनों को मिले समर्थन ने युवाओं की एकजुटता को मजबूत किया है। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि राजस्थान कभी देश को सर्वाधिक आईआईटीयन और चार्टर्ड अकाउंटेंट देने वाले राज्यों में शामिल रहा है, लेकिन वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, जर्जर भवनों, निजी विद्यालयों की मनमानी फीस और विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव को चिंता का विषय बताया। रोशन मुड़िया और गीगराज कोहली ने विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद, कमजोर आधारभूत ढांचे और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की कमी को गंभीर समस्या बताते हुए भर्ती परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक और भर्ती घोटालों को युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय करार दिया। संगठन ने नीट परीक्षा विवाद और विभिन्न भर्ती घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा और रोजगार के मुद्दे केवल छात्रों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे समाज से जुड़े हुए हैं। प्रदर्शन प्रभारी दीपक बालियान ने बताया कि संगठन के संस्थापक अभिजीत दीपके भी इस आंदोलन में शामिल होंगे। संगठन ने छात्र संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, अभिभावकों और युवाओं से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर शिक्षा सुधार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के अधिकारों की मांग को मजबूत करने की अपील की है। संगठन का कहना है कि यह किसी दल या व्यक्ति की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# फिर भड़का युद्ध



अमेरिका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ने के कारण न केवल पश्चिम एशिया का संकट और गहरा गया है, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था के लिए भी समस्याएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने जिस तरह होर्मुज समुद्री जल मार्ग को फिर से बंद करने का फैसला किया, उसके बाद अमेरिका और उसके बीच तनाव तो बढ़ेगा ही, खाड़ी के देशों से होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति के भी बिल्कुल ठप होने का अंदेशा है।

इसके चलते पहले से ही चढ़े तेल एवं गैस के मूल्य और बढ़ सकते हैं। इससे भारत समेत अन्य देशों और विशेष रूप से एशियाई देशों का संकट और बढ़ेगा। इससे खराब बात और कोई नहीं कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की जो थोड़ी-बहुत गुंजाइश बन रही थी, वह भी समाप्त होती दिख रही है। इसके लिए दोनों ही पक्षों का अड़ियल रवैया जिम्मेदार है।

जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यह चाहते हैं कि ईरान उनके मन मुताबिक समझौता करे, वहीं ईरानी नेतृत्व न तो परमाणु हथियार बनाने के अपने इरादे का परित्याग करने को तैयार है और न ही होर्मुज पर अपना दावा छोड़ने के लिए। वह इजरायल के लिए खतरा बने हिजबुल्ला को समर्थन देने से पीछे हटने के लिए भी तैयार नहीं। वह यह तो चाहता है कि इजरायल लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने से बाज आए, लेकिन वह इस संगठन को इजरायल को निशाना बनाने से रोकने के लिए तैयार नहीं।

समस्या केवल यह नहीं कि ईरान होर्मुज पर अवैध कब्जा करना चाहता है, बल्कि यह भी है कि अमेरिकी सेना उसके बंदरगाहों की नाकेबंदी के चलते इस समुद्री जल मार्ग से इस बहाने जहाजों को नहीं निकलने दे रहा है कि वे या तो ईरान जा रहे थे या फिर वहां से आ रहे थे। इसी को आधार पर बनाकर उसने पिछले चार दिनों में तीन जहाजों पर हमले किए।

इनमें से दो पलाऊ और एक गिनी-बिसाऊ का था, लेकिन इन तीनों में भारतीय नाविक सवार थे। इनमें से एक जहाज पर अमेरिकी हमला घातक साबित हुआ। इस हमले में तीन भारतीय नाविक मारे गए। साफ है कि अमेरिकी सेना निहायत ही गैर जिम्मेदारी का परिचय दे रही है। वह जहाजों को रोकने, जब्त करने के बजाय जिस तरह उन्हें ध्वस्त करने का काम कर रही है, वह अस्वीकार्य और अक्षम्य है।

यह सर्वथा उचित है कि भारत ने अपने तीन भारतीय नाविकों के मारे जाने की घटना पर अमेरिकी राजनयिक को तलब कर अपना विरोध दर्ज कराया, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। उसे विश्व के अन्य देशों के साथ मिलकर अमेरिका और ईरान पर इसके लिए दबाव बनाना होगा कि वे कारोबारी जहाजों को निशाना बनाने से बाज आएं। भारत को ऐसा इसलिए करना होगा, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में 18 हजार से अधिक भारतीय नाविक देसी-विदेशी जहाजों पर कार्यरत हैं।

## विशेष आलेख

# असम-नगालैंड के बीच दशकों का विवाद खत्म

## तेल समझौता संपन्न, शाह ने पूर्वोत्तर का भाग्य ही बदल दिया



ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही मोदी सरकार को पूर्वोत्तर से एक बड़ी रणनीतिक सफलता मिली है। केंद्र, असम और नगालैंड के बीच तेल और प्राकृतिक गैस अन्वेषण को लेकर हुआ त्रिपक्षीय समझौता भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के अभियान का निर्णायक अध्याय है। दशकों से विवाद और अस्थिरता में फंसे असम, नगालैंड सीमा क्षेत्र में तेल खोज का रास्ता खोलकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन को नई ताकत दे दी है, जिसका लक्ष्य विदेशी तेल निर्भरता घटाकर भारत को ऊर्जा महाशक्ति बनाना है। यही वजह है कि अमित शाह ने इसे विकसित पूर्वोत्तर और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। हम आपको बता दें कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भारत सरकार, असम सरकार और नगालैंड सरकार के बीच असम-नगालैंड सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज तेल संचालन के संबंध में एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो सहित केंद्र, असम एवं नगालैंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए साफ कहा कि इस समझौते ने विकसित पूर्वोत्तर के रास्ते में खड़ी अंतिम बड़ी बाधा हटा दी है।

हम आपको बता दें कि असम और नगालैंड की सीमा से लगे विवादित क्षेत्र में तीन दशक से अधिक समय से तेल और खनिज अन्वेषण ठप पड़ा था। अधिकार क्षेत्र को लेकर दोनों राज्यों के बीच तनाव बना रहता था, जिसके कारण हजारों करोड़ रुपये की संपदा जमीन के नीचे दबी रह गई। अब इस समझौते के तहत एक हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में तेल, गैस और खनिज संसाधनों की खोज और उत्पादन का रास्ता खुल गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों राज्यों ने संसाधनों के बंटवारे पर 50-50 की सहमति बनाई है। यही वह राजनीतिक परिपक्वता है जिसने इस समझौते को टकराव से निकालकर साझेदारी के मॉडल में बदल दिया। अमित शाह ने दावा किया कि इस एक समझौते से प्रतिदिन एक हजार से पंद्रह सौ बैरल तेल उत्पादन क्षमता को दस गुना तक बढ़ाया जा सकता है। केवल एक तेल क्षेत्र से पंद्रह हजार करोड़ रुपये से अधिक की संभावित प्राप्ति का अनुमान जताया गया है। यह बयान केवल आर्थिक संभावना का संकेत नहीं, बल्कि उस रणनीतिक दिशा का संकेत है जिसमें भारत तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और ऊर्जा आपूर्ति संकटों के दौर में भारत लंबे समय से आयातित तेल पर निर्भरता घटाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में पूर्वोत्तर के विशाल तेल और गैस भंडार भारत के लिए नई ऊर्जा रीढ़ साबित हो सकते हैं।

दरअसल यह समझौता केवल तेल निकालने का मसला नहीं है। यह पूर्वोत्तर को संघर्ष की पहचान से निकालकर सामरिक और आर्थिक शक्ति केंद्र में बदलने की कवायद है। अमित शाह ने कहा कि यदि नगालैंड में फैले तेल और गैस भंडार का पूरा दोहन हुआ तो भारत विदेशी देशों पर अपनी ऊर्जा निर्भरता काफी हद तक कम कर सकेगा। इसका सीधा मतलब है कि भारत अपने ऊर्जा हितों को लेकर अधिक स्वतंत्र रणनीति अपना सकेगा। देखा जाये तो ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक मुद्दा नहीं होती, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मूल तत्व बन चुकी है। साथ ही इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा बड़ा पहलू सुरक्षा और शांति से जुड़ा है। अमित शाह ने पूर्वोत्तर में हिंसा की घटनाओं में लगभग अस्सी प्रतिशत गिरावट का दावा करते हुए कहा कि वर्ष 2019 के बाद 12 शांति समझौते हुए हैं। यही कारण है कि अब सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को भी पूर्वोत्तर के अधिकांश हिस्सों से हटाने की तैयारी चल रही है। अमित शाह ने विश्वास जताया कि अगले वर्ष एक या दो राज्यों को छोड़कर पूरे पूर्वोत्तर से यह कानून हटाया जा सकता है। यह बयान बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि दशकों तक पूर्वोत्तर की पहचान उग्रवाद, सैन्य उपस्थिति और अस्थिरता से जुड़ी रही है। अब केंद्र सरकार यह संदेश देना चाहती है कि क्षेत्र संघर्ष से विकास की ओर बढ़ चुका है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह समझौता चीन और दक्षिण पूर्व एशिया से जुड़ी भारत की व्यापक नीति से भी मेल खाता है। पूर्वोत्तर भारत लंबे समय तक केवल भौगोलिक सीमा माना जाता रहा, लेकिन अब उसे आर्थिक गलियारे, ऊर्जा केंद्र और संपर्क सेतु के रूप में विकसित किया जा रहा है। सड़क, रेल, निवेश, पर्यटन और ऊर्जा परियोजनाओं के जरिए केंद्र सरकार इस क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर रही है। तेल और गैस परियोजनाओं के सक्रिय होने से निजी निवेश बढ़ेगा, रोजगार पैदा होंगे और क्षेत्रीय असंतोष कम होगा। यही वह बिंदु है जहां विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा एक दूसरे के पूरक बन जाते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी कहा कि यह समझौता देश की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। वहीं नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो की सहमति इस बात का संकेत है कि अब पूर्वोत्तर की राजनीति टकराव से अधिक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रही है। यही कारण है कि अमित शाह ने इसे जीत हार का नहीं, बल्कि सबकी जीत का समझौता बताया। बहरहाल, अब स्पष्ट है कि यह त्रिपक्षीय समझौता केवल सीमाई विवाद सुलझाने का प्रयास नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर के भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने की शुरुआत है। यदि सरकार अपने दावों के अनुरूप तेल उत्पादन, निवेश और शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सफल रहती है, तो आने वाले वर्षों में पूर्वोत्तर भारत की ऊर्जा शक्ति, सामरिक मजबूती और आर्थिक विस्तार का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

### वृष
मान-सम्मान मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है।

### मिथुन
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

### सिंह
शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### कन्या
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### तुला
व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। मान-सम्मान मिलेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### वृश्चिक
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

### धनु
आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

### मकर
यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### कुंभ
आज मान-सम्मान के योग बनेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

### मीन
कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# माउथ अल्सर की समस्या को दूर करेंगे यह उपाय

मुंह में अल्सर की समस्या यकीनन काफी दर्दनाक महसूस होती है। अगर आप अपने मुंह के आसपास घावों का अनुभव कर रहे हैं, तो यकीनन इनसे जल्द से जल्द निजात पाना चाहते होंगे। वे आम तौर पर होंठ के अंदर, मसूड़ों या गले पर दिखाई देते हैं और इससे खाने में मुश्किल हो सकती है। माउथ अल्सर एक प्रकार का घाव है जो आपके मुंह के अंदर विकसित होता है। इससे निजात पाने के लिए जरूरी होता है कि आप कुछ उपाय अपनाएं।



### नमक से करें माउथवॉश
अगर आप गर्म पानी में नमक डालकर उसका इस्तेमाल करते हैं, तो यकीनन यह आपके लिए बेहद लाभदायक है। नमक सूक्ष्मजीवों को समाप्त कर देता है क्योंकि इसका जीवाणुरोधी प्रभाव होता है। नमक का पानी बनाने के लिए बस एक कप गर्म पानी में एक चम्मच नमक मिलाएं। कुछ मिनटों के लिए दिन में दो बार कुल्ला करने के लिए इस मिश्रण का प्रयोग करें।

### काली चाय से करें कंप्रेस
ब्लैक टी का उपयोग करने से पहले, आपको पहले टी बैग को एक कप गर्म पानी में भिगोकर तैयार करें। एक बार जब पानी और बैग ठंडा हो जाए, तो टी बैग को तुरंत नासूर घावों पर लगाएं। इससे यकीनन आपको काफी राहत मिलेगी।

### मुंह में रखें लौंग
आप दर्द कम करने और घावों को जल्दी ठीक करने के लिए आप लौंग को चबा सकते हैं। लौंग में जीवाणुरोधी और एनाल्जेसिक गुण होते हैं। जो ना केवल आपके माउथ अल्सर को जल्दी हील करने में मदद करता है, बल्कि इससे दर्द भी काफी कम होता है।

### दही का सेवन करें
यदि आप दही का सेवन करते हैं तो यह भी आपके लिए लाभदायक साबित होगा। यह ना केवल आपके बाउल मूवमेंट को बढ़ाता है, बल्कि शरीर के नेचुरल डिफेंस को भी बूस्ट अप करता है। इतना ही नहीं, यह माउथ अल्सर को भी हील करने में मददगार है।

### शहद
शहद में कई औषधीय गुण होते हैं। हालांकि, आप शायद इस बात से अनजान हों कि यह मुंह के छालों के लिए भी एक कारगर इलाज हो सकता है। छालों पर शहद लगाएं और रहने दें।

# खाली पेट पिएं गाजर का जूस, शरीर को मिलेंगे यह फायदे

गाजर का जूस पीने से शरीर स्वस्थ रहता है। गाजर के जूस में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर और विटामिन सी पाए जाते हैं। इसको पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ आंखे भी लंबे समय तक हेल्दी रहती है। खाना खाने के बाद, तो अधिकतर लोग गाजर का जूस पीते है। लेकिन क्या आप जानते हैं गाजर के जूस को खाली पेट भी पीया जा सकता है। खाली पेट गाजर का जूस पीने से शरीर को कई तरह के फयदे मिलते हैं। गाजर में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता हैं।

**आंखों के लिए हेल्दी :** खाली पेट गाजर का जूस पीने से आंखे हेल्दी रहती है। गाजर के जूस में भरपूर मात्रा में विटामिन ए पाया जाता है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। गाजर का जूस पीने से आंखे संबंधी परेशानियां नहीं होती है। खाली पेट जूस पीने से आंखे स्वस्थ रहती है।



**इम्यूनिटी को करे मजबूत :** खाली पेट गाजर का जूस पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। गाजर के जूस में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो मौसमी बीमारियों से शरीर की रक्षा करता हैं। गाजर का जूस पीने से शरीर लंबे समय तक हेल्दी रहता है। इसको पीने इम्यून पावर मजबूत होती है।

**डायबिटीज मरीजों के लिए फायदेमंद :** खाली पेट गाजर का जूस पीने से डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। गाजर का जूस पीने से शुगर लेवल कंट्रोल होता है। जिससे शुगर लेवल कंट्रोल होने में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीजों को नियमित सुबह गाजर के जूस का सेवन करना चाहिए।

### पाचन तंत्र को करे मजबूत
खाली पेट गाजर का जूस पीने से पाचन तंत्र हेल्दी रहता है। गाजर के जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज की परेशानी को दूर करने के साथ अपच और गैस की परेशानी को भी दूर करता है। गाजर का जूस पीने से पेट हेल्दी रहता है।

**वजन होता है कम :** खाली पेट गाजर का जूस पीने से वजन तेजी से कम होता है। अगर आप लंबे समय से वजन कम करने के बारे में सोच रहे है, तो नियमित गाजर के जूस का सेवन खाली पेट करें। ऐसा करने से वजन तेजी से कम होगा।

# धूल से एलर्जी की है समस्या? इन आयुर्वेदिक उपायों से मिलेगी राहत

क्या घर की सफाई करने के दौरान या घर से बाहर धूल-मिट्टी में निकलते ही आपको छींकें आने लगती हैं और सांस लेने में तकलीफ होती है? अगर हां, तो इसका मतलब आपको डस्ट यानी धूल से एलर्जी है। जिन लोगों को डस्ट एलर्जी होती है उन्हें धूल-मिट्टी और प्रदूषण से काफी परेशानी होती है। डस्ट एलर्जी होने पर व्यक्ति को धूल मिट्टी के संपर्क में आते ही अत्यधिक छींक, नाक में भारीपन, सांस लेने में तकलीफ और नाक बहना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सर्दियों के मौसम में नमी, और धूल-मिट्टी व प्रदूषण के कारण यह समस्या अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में इस मौसम में आपको अपनी एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती।

### तुलसी और पुदीना
आयुर्वेद में तुलसी और पुदीना का काफी महत्व बताया गया है। तुलसी में कई औषधीय गुण होते हैं। शरीर के लिए काफी फयदेमंद होती है। वहीं, पुदीना में मेंथॉल होता है, जो सांस से जुड़ी तकलीफों को दूर करता है। डस्ट एलर्जी को ठीक करने के लिए आप तुलसी और पुदीना का सेवन करें। आप चाहें तो एक कॉटन के रूमाल में पुदीने और तुलसी की पत्तियों को बांधकर सूंघ सकते हैं। इससे आपको एलर्जी और बंद नाक से जल्द राहत मिलेगी।

### देसी घी
आयुर्वेद में देसी घी के अनेक फायदे बताए गए हैं। डस्ट एलर्जी से छुटकारा दिलाने में देसी घी काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। अगर आपको एलर्जी के कारण बहुत ज्यादा छीकें आ रही हैं, तो देसी घी का इस्तेमाल करें। नाक में एक बूंद देसी घी की डालकर उंगली से हल्की मालिश करें। इसके अलावा, आप गुड़ और देसी घी को मिला कर इसका सेवन कर सकते हैं। इससे एलर्जी दूर करने में काफी मदद मिल सकती है।

### शहद
शहद कई तरह की एलर्जी से छुटकारा दिलाने में असरदार है। डस्ट एलर्जी से राहत पाने के लिए शहद बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। शहद में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबॉयल गुण पाए जाते हैं, जो एलर्जी के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही, सर्दी-खांसी में भी शहद का इस्तेमाल काफी फायदेमंद होता है। अगर आप डस्ट एलर्जी से परेशान हैं तो एक कप पानी में एक चम्मच शहद डालकर घोलें और फिर इसका सेवन करें। इसका नियमित सेवन करने से आपको काफी फायदा मिलेगा।



### एलोवेरा
डस्ट एलर्जी से राहत पाने के लिए आप एलोवेरा जूस का इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो एलर्जी को दूर करने का काम करते हैं। डस्ट एलर्जी से बचाव के लिए आप एलोवेरा जूस और एलोवेरा जेल का उपयोग कर सकते हैं। एलोवेरा जूस बनाने के लिए मिक्सी में एक कप ताजा एलोवेरा जेल और एक नींबू का रस डालकर पीस लें।

## गीता गायत्री मंदिर में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री गीता गायत्री जी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भजनों, कीर्तन और झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी झालरों, पताकाओं और गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कथा के दौरान वृंदावन धाम के कथावाचक पंडित श्याम नारायण शास्त्री ने जैसे ही भजन जरा सर को झुकाओ वासुदेव प्रस्तुत किया, वैसे ही वासुदेव की भूमिका में पंडित राजकुमार चतुर्वेदी ने बालकृष्ण के दर्शन कराए। बालकृष्ण के प्राकट्य की झांकी देखते ही पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालु भजनों पर नृत्य और कीर्तन करते नजर आए। यशोदा मैया दे दो बधाई, गोकुल में आई बहार तथा श्यशोदा के हुआ लाला जैसे भजनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव के आगमन की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। बधाइयों, पुष्पवर्षा और उल्लासपूर्ण माहौल के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि कथा के आगामी चरण में मंदिर परिसर में श्रद्धापूर्वक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा।

## भारतीय संस्कृति में ऊंच-नीच एवं भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं : अकिंचन महाराज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सखी सहेली महिला मंडल की ओर से ब्रह्मपुरी रोड स्थित मंगोड़ी वालों की बगीची स्थित श्रीमोहन मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री रामथा में गुरुवार को व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने केवट प्रसंग पर प्रवचन किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऊंच-नीच एवं भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। व्यक्ति की महानता उसके जन्म, जाति या सामाजिक स्थिति से नहीं, बल्कि उसके हृदय में बसे भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और भक्ति से निर्धारित होती है। जिसके हृदय में राम का वास नहीं है, वह वास्तव में छोटा है, जबकि रामभक्ति से ओत-प्रोत व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में महान कहलाने योग्य है। उन्होंने कहा कि भक्ति, मुक्ति और मोक्ष से भी श्रेष्ठ है। जब किसी साधक को रामभक्ति प्राप्त हो जाती है, तब उसके ज्ञान और विद्या पर स्वयं ब्रह्म का प्रकाश विराजमान हो जाता है। हमारे वेदए पुराण, इतिहास और श्रुतियां कहीं भी भेदभाव का समर्थन नहीं करते, बल्कि समरसता, प्रेम और समानता का संदेश देती हैं। भक्ति गंगा के समान पवित्र प्रवाह है, विद्या उस पर चलने वाली नाव है और विद्वान केवट के समान है, जो साधक को आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ाता है। कृष्ण स्वरूप बूब ने बताया कि शनिवार को सीताहरण, शबरी मिलन, सुग्रीव मिलन की कथा होगी। कथा 15 जून तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कथा का आयोजन सखी सहेली महिला मंडल की ओर से किया जा रहा है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया वचनामृत भाष्य उत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामीनारायण अक्षरधाम संस्था के मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ श्वचनामृत भाष्य लेखन के उपलक्ष में ऐतिहासिक उत्सव मनाया गया। महंत स्वामी महाराज के दिव्य संकल्प अनुसार इस पवित्र दिन पर इस अनुपम कार्य का शुभारंभ हुआ। जयपुर वैशाली नगर, चित्रकूट मंदिर में सुबह विशेष पूजन और शाम को भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य कार्यक्रमों में प्रातः काल विशेष पूजन व आशीर्वाद कार्यक्रम हुआ। सुबह श्रृंगार आरती के तुरंत बाद संस्था के वरिष्ठ संत पूज्य आनंदस्वरूपदास स्वामी एवं कोठारी स्वामी के वरद हस्तों से श्वचनामृत ग्रंथ भगवान स्वामीनारायण के उपदेश का ग्रंथ का विधिवत एवं वैदिक पूजन किया गया, इसके बाद आनंदस्वरूपदास स्वामी नें उपस्थित भक्तों को वचनामृत की महिमा के बारे में बताया और शास्त्रपठन की आवश्यकता समझाई। सायं काल भव्य पालकी यात्रा व विशेष सभा का आयोजन किया गया। संध्या आरती के ठीक बाद मंदिर प्रांगण में श्वचनामृत ग्रंथ की एक भव्य एवं दिव्य पालकी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में आनंदस्वरूपदास स्वामी स्वयं जुड़ें और पालकी के साथ मंदिर की परिक्रमा की। कई श्रद्धालु अपने घरों में प्रतिष्ठित वचनामृत ग्रंथ को मांगलिक वस्त्रों लाल, पीले, केसरी में पोथी की तरह सजाकर इस यात्रा में शामिल हुए, पालकी यात्रा के समापन पर एक विशेष सत्संग सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आनंदस्वरूप स्वामी के दिव्य आशीर्वचन प्राप्त हुए ।

इस पावन अवसर पर सारंगपुर गुजरात में स्वयं गुरुहरि महंत स्वामी महाराज भी पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिससे इस उत्सव की दिव्यता और अधिक बढ़ गई।

## गुरु की शरण में ही होते हैं भगवान के साक्षात दर्शन : आशीष महाराज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास में आयोजित नो दिवसीय भागवत कथा का आयोजन मन्दिर श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ पर किया जा रहा है। इस मौके पर कथा व्यास आशीष महाराज ने छठे दिन के कथा महोत्सव में कृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्वक वर्णन किया। आशीष महाराज ने बताया कि कंस कि बहन देवकी के यहां पर आठवां पुत्र जगत के पालनहार के रूप में श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। उनको वासुदेवजी ने नन्द बाबा के यहां पर पहुंचा दिया। यशोदा मैया के यहां पर कृष्ण जन्म पर उत्सव मनाया गया इस दौरान मन्दिर में बधाई गीत गाकर भक्तों ने नाच गाकर बड़ी धूमधाम से जन्म उत्सव मनाया। भक्तों ने इस उपलक्ष्य में भागवत कथा महोत्सव में उपस्थित सभी 121 पोथी आचार्य को बधाई-दक्षिणा एवं दुपट्टा पहनाकर कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महाराज श्री ने बताया कि भगवान ने पूतना का वधकर और अकासुर-बकासुर को मारकर उदार किया। महाराज ने बताया कि जब भी देवताओ ने किसी को श्राप दिया तो ईश्वर ने आकर उनका उद्धार किया। नारद जी ने श्राप दिया तो राम जी ने रावण का श्रीकृष्ण ने कंस का नरसिंह देव भगवान ने हिरण्यकश्यप को मारकर संसार के सभी जीवों को बचाया। इस मौके पर महाराज ने गोपीयों के साथ माखन लीला का वर्णन किया गया। गुरु की शरणं में ही भगवान के साक्षात दर्शन होते हैं। उन्होंने बताया कि मनुष्य को जवानी में ही भक्ति करनी चाहिए, मनुष्य बुढ़ापे में भगवान की भक्ति नहीं कर सकता है। समिति के मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि मन्दिर महंत नंदकिशोर की और से मंदिर परिसर में भक्तों के लिए बैठने कि सुन्दर व्यवस्था की गई है भीषण गर्मी को देखते हुए कूलर. पंखों एवं ठंडे पानी कि व्यवस्था की गई है। कथा के विश्राम पर भक्तों ने आरती पूजा में बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर पूरा मंदिर प्रांगण भगवान के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

## घुमन्तू प्रमाण पत्र बनाने पर की चर्चा

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री जेसराज पीपलवा उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित महाराणा प्रताप सरस्वती संस्कार केंद्र पर किसनाराम मंडा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। प्रभारी राजू सिंह भाटी ने बस्ती के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। जरूरतमंद लोगों के घुमंतू प्रमाण पत्र बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा की गई। मनोहर लाल बंजारा, शिवरतन शर्मा आदि ने बस्तियों का अवलोकन किया।

### खोह नागोरियान अग्निकांड प्रकरण

# सील पटाखा फैक्ट्री में दोबारा उठा धुआं

## अवैध गोदामों पर पुलिस का शिकंजा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोह नागोरियान क्षेत्र में हाल ही में हुए भीषण पटाखा फैक्ट्री विस्फोट के बाद शुक्रवार शाम एक बार फिर उसी सील की गई फैक्ट्री में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार करीम नगर-बी स्थित मकान नंबर 88 में संचालित इस फैक्ट्री में 8 जून को हुए भीषण अग्निकांड में आठ लोगों की मौत हो गई थी। प्रशासन ने हादसे के बाद फैक्ट्री को सील कर दिया था लेकिन शुक्रवार शाम करीब चार बजे फैक्ट्री से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। फैक्ट्री के बाहर पहले से तैनात फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। चूंकि फैक्ट्री सील थी और अंदर कोई मौजूद नहीं था। इसलिए इस बार कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मलबे की कूलिंग और हटाने के दौरान नीचे दबे अवशेषों में सुलगन के कारण धुआं उठा। दमकलकर्मियों ने मौके पर बचे हुए पटाखों और रसायनों पर फोम का छिड़काव कर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के बाद एक बार फिर क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। पुलिस और दमकलकर्मियों ने सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को दूर रखा। इधर अग्निकांड के बाद प्रशासन और पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्रियों एवं गोदामों के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। जयपुर पुलिस ने खोह नागोरियान, करीम नगर, रहीम नगर, तलाई, आयशा नगर, उजेफा नगर और अक्ष विहार समेत आसपास के क्षेत्रों में करीब 500 मकानों की तलाशी ली। जांच के लिए ड्रोन और डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली गई। इस अभियान के दौरान करीब 100 गोदाम चिह्नित किए गए। इनमें एक रूई का गोदाम, दो प्लास्टिक गोदाम और एक मोटरसाइकिल गोदाम शामिल है। मोटरसाइकिल गोदाम में करीब 50 बुलेट बाइक मॉडिफाइड साइलेंसर और संदिग्ध नंबर प्लेटों के साथ मिलीं। संदेह के आधार पर इन गोदामों को सील कर दिया गया।

नवनियुक्त खोह नागोरियान थानाधिकारी प्रकाशराम विश्नोई ने पदभार संभालते ही कार्रवाई करते हुए दाउद नगर स्थित मकान संख्या ए-46 में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारा। यहां से बड़ी मात्रा में पटाखे, विस्फोटक सामग्री और पटाखा निर्माण उपकरण बरामद किए गए। इस मामले में कयूम खान, याकूब खान सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ नया प्रकरण दर्ज किया गया है। एक अन्य फैक्ट्री से भी विस्फोटक सामग्री जब्त की गई, जिसके संबंध में अलग मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने अग्निकांड में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर जयपुर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में अवैध पटाखा फैक्ट्री या भंडारण की आशंका है। वहां डोर-टू-डोर सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के बाद यदि किसी क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री या गोदाम मिलने की पुष्टि होती



है तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि अग्निकांड में प्रयुक्त विस्फोटक सामग्री की जांच कराई जा रही है और दो-तीन दिन में रिपोर्ट मिलने की संभावना है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खोह नागोरियान हादसे के बाद उठे कई सवाल अब भी जवाब मांग रहे हैं, जिनमें पुराने और एक्सपायरी पटाखों के निस्तारण की व्यवस्था, लाइसेंसी गोदामों की निगरानी, अवैध फैक्ट्रियों पर नियंत्रण और विस्फोटक विभाग की जांच प्रणाली की प्रभावशीलता प्रमुख हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए व्यापक अभियान जारी रहेगा।

## नौकरी जाने के सदमे में महिला चिकित्सालय में कार्यरत संविदा नर्सिंग कर्मी ने दी जान

### एसएमएस अस्पताल में कर्मचारियों का हंगामा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में संविदा नर्सिंग कर्मियों को हटाए जाने के बीच एक संविदा नर्सिंग कर्मी की आत्महत्या का मामला सामने आया है। महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में कार्यरत 25 वर्षीय दीपक खारवाल ने शुक्रवार को कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद एसएमएस अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में नर्सिंगकर्मी जुट गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जानकारी के अनुसार दीपक खारवाल पिछले कुछ वर्षों से महिला चिकित्सालय में संविदा आधार पर सेवाएं दे रहा था। हाल ही में एसएमएस मेडिकल कॉलेज और उससे संबद्ध अस्पतालों में कार्यरत संविदा नर्सिंग कर्मियों को हटाए जाने के निर्णय के बाद वह मानसिक तनाव में था। शुक्रवार सुबह वह अन्य संविदा कर्मचारियों के साथ एसएमएस मेडिकल कॉलेज परिसर में चल रहे प्रदर्शन में शामिल हुआ था। करीब साढ़े 11 बजे वह धरना स्थल से अपने कमरे पर चला गया। बाद में जब उसके साथी उससे मिलने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज लगाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर दीपक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। साथी उसे तत्काल एसएमएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। नर्सिंगकर्मी जितेंद्र कटारा ने बताया कि महिला चिकित्सालय से हाल ही में करीब 150 संविदा कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया गया था, जबकि जेके लोन अस्पताल में भी लगभग 200 संविदा कर्मचारियों को हटाने की प्रक्रिया चल रही है। नौकरी जाने की आशंका और भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता के कारण दीपक तनाव में था। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में संविदा नर्सिंगकर्मी एसएमएस अस्पताल पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों के हंगामे के कारण मेडिकल इमरजेंसी की सेवाएं करीब आधे घंटे तक प्रभावित रहीं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद स्थिति सामान्य हुई। मामले की जानकारी मिलने पर कांग्रेस विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित अन्य नेता भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने संविदा कर्मचारियों को हटाने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार पर युवाओं को बेरोजगार करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे नर्सिंगकर्मियों ने चिकित्सा मंत्री के इस्तीफे, हटाए गए कर्मचारियों की तत्काल बहाली तथा मृतक दीपक खारवाल के परिजनों को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता देने की मांग की।

## डीएसपी जुल्फीकार अली का ग्रामीणों ने किया सम्मान

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र से स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को बड़ाऊ गांव में डीएसपी जुल्फीकार अली का ग्रामीणों की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने डीएसपी का 51 किलो की माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी जुल्फीकार अली थे। अध्यक्षता बड़ाऊ पूर्व सरपंच फतेहसिंह बड़ाऊ ने की। फतेहसिंह बड़ाऊ ने कहा कि डीएसपी जुल्फीकार अली ने खेतड़ी में अपने करीब 27 माह के कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ आमजन में विश्वास कायम किया।

उनके कार्यों के कारण क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना और इसी सम्मान भावना के तहत ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि जुफीकार अली का स्थानांतरण जयपुर की साइबर अपराध शाखा में हुआ है। डीएसपी जुल्फीकार अली ने कहा कि खेतड़ी क्षेत्र से उन्हें हमेशा परिवार जैसा स्नेह और सहयोग मिला। पुलिस और आमजन के बीच



बेहतर समन्वय से ही कानून व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान सभी वर्गों से मिले सहयोग को वे हमेशा याद रखेंगे तथा नई जिम्मेदारी में भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस मौके पर कुंदनसिंह, नबील खान, जब्बार अली, महिपाल सिंह, आशु सिंह, आनंद सिंह, रघुवीर सिंह, रफीक खान, सब्बीर खान, इस्पाक खान, शमशेर खान, दलीप सिंह, बन्ने सिंह, पुरण सिंह, किशन गुर्जर, सुरेश गुप्ता, महेश गुप्ता, बिहारी गुप्ता, इशाक खान सहित सर्व समाज के गणमान्य लोगों ने डीएसपी का माला पहनाकर सम्मान किया।

## युवक की गला रेतकर हत्या, शराब पार्टी के दौरान विवाद की आशंका

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के शिप्रापथ थाना क्षेत्र में त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे एक युवक की गला रेतकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शुक्रवार सुबह खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटा, तथा शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और उनके आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान महेश जाटव 30 निवासी शिवपुरी, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। महेश जयपुर के त्रिवेणी नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर मजदूरी करता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गुरुवार रात करीब 8 बजे महेश अपने कुछ साथियों के साथ त्रिवेणी पुलिया के नीचे पहुंचा था। यहां मजदूरों की चौखटी मंडी लगती है। पुलिस को घटनास्थल से पानी की बोतलें और शराब के खाली पव्वे मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि युवक अपने साथियों के साथ शराब पी रहा था। पुलिस का अनुमान है कि शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक विवाद में बदल गई। इसी दौरान धारदार हथियार से महेश का गला रेतकर हत्या कर दी गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। शुक्रवार सुबह मजदूरों ने पुलिया के नीचे शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके का मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस के अनुसार मृतक नियमित रूप से शराब का सेवन करता था। क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की भी चर्चा सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

फिलहाल पुलिस हत्या के सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

## गौ माता के सम्मान के लिए बीस से अधिक युवाओं ने कराया मुंडन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आजकल के अधिकांश युवा जहां अपने बालों को संवारने, आकर्षक बनाने और उनके रखरखाव पर विशेष ध्यान देता है, अनेक प्रकार के उत्पादों का उपयोग करता है तथा उन्हें अपने व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता है, वहीं, ऐसे समय में 20 से अधिक युवाओं ने गौ माता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपने सुंदर केशों का त्याग कर समाज के सामने समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन युवाओं ने मुंडन संस्कार के माध्यम से यह संकल्प लिया कि आगामी दो माह तक उनके चिंतन, मनन और पुरुषार्थ का केन्द्र केवल गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान रहेगा। गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर देशभर में चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण की सफलता के लिए सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला के सुरभि भवन में आयोजित तीन दिवसीय गौ कथा के दूसरे दिन यह प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। कामधेनु गौ भक्त महिला मंडल, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित कथा में व्यासपीठ से गौ, पर्यावरण एवं अध्यात्म चेतना पदयात्रा के प्रणेता तथा गोपाल परिवार के संस्थापक ग्वाल संत गोपाल महाराज ने गौमाता के महात्म्य का श्रवण कराया। इस अवसर पर आयोजित विशेष मुंडन संस्कार ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़े ये युवा बिहार, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, असम, नागालैंड, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न राज्यों के लिए रवाना हुए। आगामी दो माह तक ये गांव-गांव और शहर-शहर पहुंचकर गौ संरक्षण, गौ संवर्धन एवं गौ सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए जनसमर्थन जुटाएंगे। संत गोपाल महाराज ने कहा कि कुछ लोगों के मन में यह भ्रम उत्पन्न हो सकता है कि मुंडन किसी प्रकार के विरोध प्रदर्शन का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल भिन्न है। भारतीय संस्कृति में मुंडन एक संस्कार है जो त्याग, शुद्धि, समर्पण और नए जीवन संकल्प का प्रतीक माना गया है। यह संस्कार व्यक्ति को अपने अहंकार और व्यक्तिगत पहचान से ऊपर उठकर किसी महान उद्देश्य के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति विशेष उद्देश्य से मुंडन कराता है तो वह कुछ समय के लिए अपने व्यक्तिगत परिचयों और अहं भाव को पीछे छोड़ देता है। वह यह नहीं सोचता कि वह व्यापारी है, विद्यार्थी है, किसी का पुत्रए भाई या पति है। उसके मन में केवल अपने लक्ष्य और कर्तव्य का भाव रहता है। यही भावना लेकर ये युवा दो माह के लिए गौ



माता की सेवा और सम्मान के राष्ट्रीय अभियान में जुटने जा रहे हैं। गौ कथा का आयोजन 13 जून को भी सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। कथा में प्रदेशभर के संत.महात्माओं का सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। संतजन श्रद्धालुओं को गौ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र जागरण का संदेश देंगे तथा अधिकाधिक लोगों को गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुडने् के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौभक्त, संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने गौ माता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# शूटर जसपाल राणा का निधन : कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 गोल्ड जीते, अपने कोच के निधन का पता चलते ही मनु भाकर ने ट्रेनिंग रोकी



भारत के दिग्गज शूटर जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। 1 जून को जर्मनी से लौटते समय फ्लाइट में 49 साल के राणा की तबीयत बिगड़ी थी। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनके हार्ट में स्टेंट डाला गया था। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट कालीकेश नारायण सिंह देव ने उनके निधन की पुष्टि की। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 बार गोल्ड मेडल जीते थे। इनमें लगातार 4 एडिशन के गोल्ड शामिल रहे। राणा पेरिस ओलिंपिक में डबल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर के कोच भी थे। उन्हें फरवरी 2025 में 25 मीटर पिस्टल के लिए भारतीय जूनियर टीम का हाई परफार्मेंस कोच बनाया गया था।

**कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में 23 मेडल जीते**–जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स को मिलाकर कुल 23 मेडल अपने नाम किए थे। इनमें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 8 मेडल थे। कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज को मिलाकर कुल 15 मेडल जीते थे। उन्हें 18 साल की उम्र में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप में दर्द से कराहते हुए गोल्ड जीता था**–जसपाल राणा ने कई इंटरनेशनल इवेंट्स में मेडल जीते, लेकिन 1994 में मिलान वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में उनकी जीत यादगार रही। प्रतियोगिता से एक दिन पहले उनके घुटने में फोड़ा हो गया था। डॉक्टरों ने उन्हें सर्जरी की सलाह दी और अस्पताल से छुट्टी देने से इनकार कर दिया था।

डॉक्टरों की सलाह के उलट जसपाल और उनके कोच सनी थॉमस ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला किया, लेकिन अस्पताल से निकलने के बाद उसी रात फोड़ा फूट गया, जिससे उनका दर्द बढ़ गया। वे अपनी जींस तक नहीं उतार पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने जींस को फाड़कर हाफ पैंट बनाई और उसे पहनकर ही अगली सुबह प्रतियोगिता में उतरे।

राणा ने असहनीय दर्द के साथ कराहते हुए मैच खेला और जूनियर कैटगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना पहला इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीता। इसी साल उन्होंने हिरोशिमा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता।

**पिता आईटीबीपी में थे, 10 साल की उम्र से शूटिंग सिखाई**–जसपाल के पिता नारायण सिंह राणा इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस, यानी आईटीबीपी में तैनात थे। उन्होंने 10 साल की उम्र में ही जसपाल को पिस्टल और राइफल शूटिंग के बारे में बताया। जसपाल ने शुरुआत में पिस्टल और राइफल दोनों से अभ्यास किया, लेकिन बाद में फेडरेशन ने एक इवेंट के लिए एक ही शूटर चुनने का नियम लागू किया, जिसके बाद उन्होंने पिस्टल शूटिंग को चुना।

जसपाल 11-12 साल की उम्र तक ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने लगे थे। 1988 में सिर्फ 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने अहमदाबाद में आयोजित 31वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था।

**अभिनव बिंद्रा ने लिखा- जसपाल का जाना दुखद**–2008 ओलिंपिक में भारत को शूटिंग का पहला गोल्ड मेडल दिलाने वाले अभिनव बिंद्रा ने जसपाल राणा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा- जसपाल के निधन की खबर सुनकर दुखी हूं। वे मेरे टीम मेट रहे हैं और भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली पीढ़ी के अहम सदस्य थे।

वह बेहद प्रतिभाशाली और जुनूनी खिलाड़ी थे, जो हर बार रेंज पर उतरते समय देश का गौरव अपने साथ लेकर चलते थे। उनका जाना भारतीय खेल जगत, खासकर निशानेबाजी के लिए बड़ी क्षति है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों, शिष्यों और उन सभी लोगों के साथ हैं, जिनके जीवन को उन्होंने छुआ और प्रेरित किया।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की टॉप-3 दावेदार

## ऑस्ट्रेलिया 6 बार की चैंपियन, भारत पिछले साल वनडे वर्ल्डकप जीता

## अफ्रीका लगातार दो बार फाइनलिस्ट

**विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। मौजूदा फॉर्म, वर्ल्ड कप रिकॉर्ड, टीम कॉम्बिनेशन और कप्तानी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका खिताब की सबसे मजबूत दावेदार नजर आती हैं। हमने इन चारों टीमों की दावेदारी को तीन फैक्टर्स पर परखा है...1. टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड 2. पिछले डेढ़ साल की फॉर्म 3. कप्तान और टीम कॉम्बिनेशन**

### 1. ऑस्ट्रेलियाः सातवें खिताब की सबसे बड़ी दावेदार

विमेंस क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया जितनी सफल टीम कोई नहीं रही। टीम ने 9 में से 6 टी-20 वर्ल्ड कप जीते हैं। एलिसा हीली के बाद सोफी मोलिन्यूक्स की कप्तानी में टीम उतरेगी। एलिस पेरी, बेथ मूनी, एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैक्ग्रा और मेगन शुट जैसी स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी टीम को मजबूत बनाती है।

#### फैक्टर-1: 80% मैच जीतने वाली इकलौती टीम

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप में 49 मैच खेले हैं। इसमें 39 जीते और सिर्फ 9 हारे। टीम का जीत प्रतिशत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 80.6% है। टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का हाईएस्ट स्कोर 191 रहा है।

#### फैक्टर-2: 2025-26 में सिर्फ 2 मैच हारी

पिछले डेढ़ साल में ऑस्ट्रेलिया ने 12 में से 10 टी-20 मुकाबले जीते हैं। लेकिन हाल के आईसीसी टूर्नामेंट्स में टीम अपने ताकत के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। 2025 वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में उसे भारत के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। वहीं 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका ने उसे बाहर कर दिया था।

#### फैक्टर-3: नई कप्तान, लेकिन पुराना दम

सोफी मोलिन्यूक्स का यह पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट है। उन्होंने अब तक 6 मैचों में कप्तानी की है। इसमें 4 जीत और 2 हार मिली है। उनकी कप्तानी में टीम ने अपना पांचवां सबसे बड़ा टोटल 211 रन बनाया है।

### 2. भारतः वनडे के बाद अब टी-20 ट्रॉफी पर नजर

भारत ने 2025 में पहली बार वनडे वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा था। अब हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर लगातार दो आईसीसी खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहेगी। ऐसा अब तक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही कर पाया है।

#### फैक्टर-1: 2020 में फाइनल, कुल 55% मैच जीते

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में 40 मैच खेले हैं। इनमें 22 जीत और 18 हार मिली हैं। टीम का जीत पर्सेंटेज 55 है। भारत 2020 में फाइनल और 2018 व 2023 में सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

#### फैक्टर-2: पिछले डेढ़ साल में सबसे ज्यादा जीत

भारत ने 2025-26 में 21 टी-20 खेले और 12 जीते। यह चारों दावेदारों में सबसे ज्यादा जीत है। हालांकि टीम को इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका दौरे पर सीरीज हार का सामना भी करना पड़ा। दूसरी ओर भारत ने घर में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को हराया।

#### फैक्टर-3: हरमनप्रीत ने 57% मैच जिताए

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने 81 टी-20 मैच जीते हैं। वहीं विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 19 मैच खेले हैं, जिनमें 13 जीते और 6 हारे हैं। टीम की सबसे बड़ी उम्मीद स्मृति मंधाना होंगी, जिन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह जैसी खिलाड़ी भारत को संतुलन देती हैं।




### 3. इंग्लैंडः घरेलू मैदान पर 17 साल बाद ट्रॉफी की उम्मीद

**2009 में पहला विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम उसके बाद खिताब नहीं जीत सकी है। 2012, 2014 और 2018 में टीम रनरअप रही हैं।**

#### फैक्टर-1: 75% मैच जीतकर दूसरी सबसे सफल टीम

इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में 42 मैच खेले हैं। इनमें 31 जीते और 10 हारे। टीम का जीत प्रतिशत 75% है। यह ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे बेहतर रिकॉर्ड है।

#### फैक्टर-2: न्यूजीलैंड और भारत को हराया

इंग्लैंड ने हाल ही में न्यूजीलैंड और भारत दोनों को 2-1 से हराया। खास बात यह रही कि कप्तान नैट सिवर-ब्रंट की गैरमौजूदगी में भी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन, चार्ली डीन और हीदर नाइट जैसे खिलाड़ी शानदार लय में हैं।

इंग्लैंड ने 1 जनवरी 2025 के बाद 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इनमें 9 जीते और 8 हारे हैं। टीम का जीत प्रतिशत 52.94% रहा है।

#### फैक्टर-3: 69% जीत का रिकॉर्ड

**नैट सिवर-ब्रंट को इंग्लैंड के एक डोमेस्टिक टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी। हालांकि वे फिट हो गई हैं और टूर्नामेंट में टीम की कप्तानी करेंगी। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने 16 टी-20 में से 11 जीते हैं। बल्लेबाजी और ऑलराउंड क्षमता के कारण वे टीम की सबसे बड़ी ताकत हैं।**

# तेंदुलकर ने फ्लाइट में परिवार के साथ क्रिकेट खेला

## बेटी सारा ने कैच पकड़ा; लिखा- एटीट्यूड नहीं बदलना चाहिए, भले ऑल्टीट्यूड कुछ भी हो



सचिन तेंदुलकर परिवार के साथ फ्लाइट में क्रिकेट खेलते नजर आए। 53 साल के पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने शुक्रवार को इसका 31 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर शेयर किया। उन्होंने लिखा, एटीट्यूड नहीं बदलना चाहिए, भले ऑल्टीट्यूड कुछ भी हो। वीडियो में सचिन उल्टे बल्ले से बेटी सारा तेंदुलकर और बहू सानिया चंडोक के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। सानिया गेंदबाजी करती दिखीं, जबकि उनकी एक गेंद पर सारा ने सचिन का कैच पकड़ लिया। इसके बाद तीनों हंसते नजर आए और इस हल्के-फुल्के पल का आनंद लेते दिखे।

#### पिछले हफ्ते क्लाइमेट स्मार्ट विलेज पहुंचे थे

तेंदुलकर पिछले हफ्ते पालघर के गुहिर गांव पहुंचे थे। वहां उन्होंने बच्चों के बीच क्लाइमेट स्मार्ट विलेज प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। सचिन ने खुद इसके फोटो शेयर किए थे।

#### इंटरनेशनल क्रिकेट में 100 शतक लगाने वाले इकलौते क्रिकेटर

तेंदुलकर इंटरनेशनल क्रिकेट में 100 शतक लगाने वाले इकलौते क्रिकेटर हैं। उन्होंने भारत के लिए 664 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उनके नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। तेंदुलकर ने 200 टेस्ट मैचों में 15,921 रन बनाए हैं, जबकि 463 वनडे में उनके नाम 18,426 रन हैं। सचिन ने एक टी-20 इंटरनेशनल मैच भी खेला है।

# पहले टी-20 में वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 7 विकेट हराया

## शाई होप के नाबाद 65 रन, होल्डर-जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए




जमैका के किंग्स्टन में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए।

148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 19.2 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत में कप्तान शाई होप ने अहम भूमिका निभाई और 53 गेंदों पर नाबाद 65 रन की पारी खेली। उनकी कप्तानी पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 4 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया।

#### कामिंदु मेंडिस और कुसल मेंडिस ने संभाली श्रीलंका की पारी

श्रीलंका के लिए कामिंदु मेंडिस सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 39 गेंदों में 51 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। कप्तान कुसल मेंडिस ने 23 गेंदों में 36 रन बनाकर दूसरी सबसे बड़ी पारी खेली। उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के लगाए। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रही। पथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। निसांका 18 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद 43 रन पर लसित क्रूसपुले बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। टीम का तीसरा विकेट 49 रन पर गिरा, जबकि कुसल मेंडिस 65 रन के कुल स्कोर पर आउट हुए।

#### कामिंदु और दासुन के बीच 59 रन की साझेदारी

इसके बाद कामिंदु मेंडिस और दासुन शनाका ने पांचवें विकेट के लिए 48 गेंदों में 59 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी संभाली। कामिंदु ने 51 और शनाका ने 23 गेंदों पर 22 रन बनाए। इनके आउट होने के बाद श्रीलंका कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर सका और 20 ओवर में 9 विकेट पर 147 रन ही बना सका।

# एशियन गेम्स के लिए भारतीय शूटिंग टीम घोषित

## मनु भाकर और ईशा सिंह दोनों पिस्टल इवेंट्स में खेलेंगे, पिछले साल 22 मेडल जीते थे

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 20वें एशियन गेम्स के लिए भारत की राइफल और पिस्टल टीम घोषित कर दी है। इसमें 30 खिलाड़ी शामिल हैं। शॉटगन टीम पहले ही चुनी जा चुकी है।

जापान के आईची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होंगे। एशियाड के लिए जारी टीमें अगले महीने हांग्जो में होने वाले ङ्कस्स्न वर्ल्ड कप और अक्टूबर में काहिरा (मिस्र) वर्ल्ड कप में भी खेलेंगी।

मनु और ईशा डबल इवेंट्स में खेलेंगी; नेशनल रैंकिंग के आधार पर हुआ चयन

एनआरएआई की लिस्ट के मुताबिक, पेरिस ओलिंपिक की डबल मेडलिस्ट मनु भाकर और 2022 एशियन गेम्स की स्टार ईशा सिंह 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल दोनों इवेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। राइफल कैटेगरी में रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल और विदर्शा के. विनोद भी दो-दो इवेंट्स में खेलेंगे। एनआरएआई ने बताया कि टीम का चयन हाल ही में हुए नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 4 के बाद नेशनल रैंकिंग और चयन नीति के आधार पर किया गया है।

**10 मीटर एयर राइफल में युवा खिलाड़ियों पर भरोसा; ऐश्वर्य भी शामिल**–मेन्स 10 मीटर एयर राइफल में रुद्राक्ष पाटिल के साथ युवा शूटर पार्थ राकेश माने और हिमांशु ढिल्लों को जगह मिली है। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में रुद्राक्ष के साथ नीरज कुमार और वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खेलेंगे। विमेंस 10 मीटर एयर राइफल में इलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मास्कर और विदर्शा के. विनोद चुनौती पेश करेंगी। 50 मीटर 3 पोजीशन इवेंट में विदर्शा के साथ आशी चौकसे और तिलोत्तमा सेन को शामिल किया गया है।

**पिस्टल में वर्ल्ड नंबर 2 सुरुचि शामिल; मिक्स्ड टीम की जोड़ियां भी तय**–विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर, ईशा सिंह और वर्ल्ड नंबर 2 सुरुचि इंदर सिंह शामिल हैं। यह तिकड़ी टीम मेडल की मजबूत दावेदार मानी जा रही है। 25 मीटर पिस्टल में मनु और ईशा के साथ 2018 एशियन गेम्स चैंपियन राही सरनोबत वापसी कर रही हैं। मेन्स 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भारत की ओर से केवल अनीश भनवाला ही होंगे। मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल में केदारलिंग बालकृष्ण उचगांवकर, गौरव और कमलजीत भारत की चुनौती पेश करेंगे। मिक्स्ड टीम इवेंट्स के लिए 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड में पार्थ और इलावेनिल, जबकि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड में सुरुचि और केदारलिंग की जोड़ी मैदान में उतरेगी।




#### पिछली बार भारत ने रिकॉर्ड 22 मेडल जीते थे; इस बार लक्ष्य नंबर 1 बनना है

भारतीय निशानेबाजों का एशियन गेम्स में हालिया रिकॉर्ड शानदार रहा है। 2022 में हांग्जो एशियन गेम्स में भारतीय शूटिंग टीम ने 22 मेडल जीते थे। इनमें 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज शामिल थे। इस प्रदर्शन के दम पर भारत शूटिंग में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। इस बार लक्ष्य पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंचना है।

# 2027 वनडे वर्ल्ड कप 4 अक्टूबर से 21 नवंबर तक

## 54 में से 41 मैच साउथ अफ्रीका में होंगे

अगले मेंस वनडे वर्ल्ड कप की तारीखें तय हो गई हैं। टूर्नामेंट अगले साल 4 अक्टूबर से 21 नवंबर तक साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद में पिछले महीने हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में तारीखों पर सहमति बनी है। इसकी आधिकारिक घोषणा जुलाई में एडिनबर्ग में आईसीसी की सालाना आम बैठक में होगी।

#### साउथ अफ्रीका में कम से कम 41 मैच होंगे

वर्ल्ड कप के ज्यादातर मैच साउथ अफ्रीका के 8 वेन्यू पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के कुल 54 मुकाबलों में से कम से कम 41 मैच साउथ अफ्रीका होस्ट कर सकता है। जिम्बाब्वे 8 से 10 और नामीबिया 3 मैच होस्ट करेगा।

#### 24 साल बाद अफ्रीका वनडे वर्ल्ड कप होस्ट करेगा

2003 के बाद पहली बार अफ्रीका में वनडे वर्ल्ड कप होगा। 2003 मेंस वर्ल्ड कप के अलावा साउथ अफ्रीका 2007 टी20 वर्ल्ड कप, 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 महिला टी20 वर्ल्ड कप होस्ट कर चुका है। जिम्बाब्वे और नामीबिया ने हाल में अंडर-19 वर्ल्ड कप को-होस्ट किया था।

#### टूर्नामेंट में 14 टीमें हिस्सा लेंगी

2027 का टूर्नामेंट 14 टीमों के बीच खेला जाएगा। इसमें 7-7 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से टॉप-3 टीमें सुपर सिक्स में जाएंगी। फुल मेंबर टीम होने की वजह से साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे सीधे क्वालीफाई कर चुके हैं। वहीं नामीबिया को क्वालिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा।

#### आईसीसी एफटीपी का पहला इवेंट होगा

यह वर्ल्ड कप 2027-31 फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम का पहला आईसीसी इवेंट होगा। एफटीपी की डिटेल्स इस साल हांगकांग में आईसीसी मीटिंग में फाइनल होंगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के स्ट्रक्चर और इसके विस्तार को लेकर चर्चा चल रही है।

# 15 साल पुराना जोत विभाजन विवाद शिविर में सुलझा



**पाटन ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत बिहारीपुर में शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व विभाग ने एक लंबे समय से लंबित जोत विभाजन प्रकरण का समाधान कर 22 सह.खातेदारों को बड़ी राहत प्रदान की। करीब 15 वर्षों से आपसी सहमति के अभाव में अटका हुआ खातेदारी जोत विभाजन का मामला शिविर में ही निस्तारित कर दिया गया। शिविर में गांवली निवासी इन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह ने शिविर प्रभारी के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनकी पुस्तैनी सामलाती भूमि 10 खातों एवं 17 खसरों में दर्ज है, जिसका कुल रकबा 6.05 हेक्टेयर है। भूमि में 22 सह-खातेदार होने तथा आपसी विवाद के कारण वर्षों से खाता विभाजन नहीं हो पा रहा था। इसके चलते खातेदारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी के निर्देश पर तहसीलदार पाटन, भू-अभिलेख निरीक्षक, गिरदावर एवं पटवारी हल्का बिहारीपुर ने सभी सह-खातेदारों की बैठक आयोजित की। अधिकारियों ने जोत विभाजन के लाभ, सरकारी योजनाओं में मिलने वाली सुविधाओं तथा भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचाव के संबंध में जानकारी देकर खातेदारों को समझाइश की। इसके बाद मौके का निरीक्षण कर सभी पक्षों की सहमति से विभाजन प्रस्ताव तैयार किया गया। भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी द्वारा तैयार प्रस्ताव को तहसीलदार पाटन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जोत विभाजन की प्रक्रिया पूरी की गई। इससे आवेदक सहित सभी 22 सह-खातेदारों को राहत मिली।

# दूदावास में सड़क टूटी : ग्रामीणों ने की डामरीकरण की मांग

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दूदावास में सड़क सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों में असंतोष है। ग्रामीण खीयाराम सारण ने बताया कि गांव से निकलने वाले अधिकांश संपर्क और मुख्य मार्ग जर्जर, कच्चे या ग्रेवल सड़क के रूप में हैं। इससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सारण ने आगे बताया कि दूदावास से जसरासर जाने वाला मार्ग कई स्थानों पर टूटा हुआ है। सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसी तरह, कातर-कांदलसर-दूदावास-झोरड़ा-हरिराम बाबा धाम होते हुए नागौर जाने वाला मार्ग भी खराब स्थिति में है।

## अभी भी केवल ग्रेवल या कच्चे रास्ते

दूदावास से बगसेऊ होते हुए नोखा जाने वाला मुड़िया मार्ग भी लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर आवागमन का दबाव काफी अधिक रहता हैए जिससे यात्रियों को कठिनाई होती है। ग्रामीणों के अनुसार, दूदावास से सीधे बाढ़सर, गजसुखदेसर, मैनसर और मुंदड़ जाने वाले सभी रास्ते अभी भी केवल ग्रेवल या कच्चे हैं। इन पर डामर सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। क्षेत्र के लोगों की दैनिक जरूरतों, किसानों की कृषि गतिविधियों, विद्यार्थियों की शिक्षा और मरीजों



के आवागमन को देखते हुए इन मार्गों का डामरीकरण अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़कों के कारण किसानों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को प्रतिदिन आर्थिक और सामाजिक नुकसान हो रहा है। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## ग्रामीणों ने डामरीकरण की मांग की

ग्रामीणों ने शुक्रवार को संबंधित विभाग से सभी क्षतिग्रस्त और कच्चे मार्गों की तकनीकी जांच करवाने, आवश्यक बजट स्वीकृत करने और शीघ्र डामरीकरण कराने की मांग की है।

# शहरी व ग्रामीण समस्या समराधान शिविरों का शुभारंभ

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद में शहरी समस्या समाधान शिविरों का शुभारंभ हो गया है। शुक्रवार को वार्ड ने 1 से तीन तक के लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि एडीएम संतोष कुमार मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया और आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिये जाने हेतु निर्देश अधिकारियों को दिये। शिविर में 1 पट्टा, नवीनीकरण 5, बकाया लीज 2, निर्माण अवधि से विस्तार के प्रकरण 2 की पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 2, जीवीपी. 8, सीवर कनेक्शन 5, नाली मरम्मत 1, नाली मरम्मत 3, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 23, स्ट्रीट लाईट 4, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 2, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2, वृक्षारोपण 20 के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई मे व्यवधान 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 4 प्रकरण प्राप्त हुऐं जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 511 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 7 के प्रकरण प्राप्त हुए। एन.सी.डी. 286 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको माके पर निस्तारण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 02 प्रकरण प्राप्त हुऐ। शिविर में निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरूषोतम शर्मा, रेंवतमल पंवार, मनीष दाधीच, गणेश मण्डारिया ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता सुश्री चारवी, कनिष्ठ लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक लोकेश जांगिड़, कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, रामनिवास जाट, एम.एस.आर.जी.वाई जेटीए. यतेन्द्र सिंह राठौड, एमआईएस. कृष्णा शर्मा व कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का गांव गुलेरिया में एडीएम संतोष कुमार, प्रशासक उच्छब कंवर ने शुभारंभ किया।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DALPATPURA**
**P.S. PATAN (SIKAR)**

S. NO. 21 DATE: 12.06.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 23.06.2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 4000000/-

UBN No.PKP2627GLRC00069, PKP2627WSOB00068

**PRASHASHAK** — G.P. DALPATPURA
**VDO** — G.P. DALPATPURA

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BEGA KI NANGAL**
**P.S. PATAN (SIKAR)**

S. NO. 31 DATE: 12-06-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 23 06-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 4000000/-

UBN No. PKP2627GLRC00067

**VDO** — G.P. BEGA KI NANGAL
**PRASHASHAK** — G.P. BEGA KI NANGAL

## कार्यालय ग्राम पंचायत टोडपुरा
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/0047 दिनांक :- 10-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0280 | ZJU2627GLRC 00477 | 2026_PRD_ 567041_1 |
| 2 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र टोडपुरा के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2627A 0281 | ZJU2627WSOB 00478 | 2026_PRD_ 567046_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत टोडपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत टोडपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# जयपुर सेंट्रल जेल में कैदी पर जानलेवा हमला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर सेंट्रल जेल में बंद एक कैदी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल कैदी चेतन सिंह उर्फ ऋषिराज 24 को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद जेल प्रशासन की ओर से लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया गया है, जबकि परिजनों ने जेल के भीतर अवैध गतिविधियों और कुछ जेल कर्मियों की संलिप्तता के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसीपी गांधीनगर नारायण कुमार ने बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल में कैदियों के बीच मारपीट की घटना हुई है, जिसमें एक बंदी घायल हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों सहित सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। घायल कैदी चेतन सिंह डकैती और हत्या के मामले में वर्ष 2020 से जेल में बंद है। उसे वर्ष 2024 में सालयावास सेंट्रल जेल, बाद में उदयपुर सेंट्रल जेल और फिर टोंक जिला जेल भेजा गया था। करीब सात महीने पहले उसे दोबारा जयपुर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। जेल में रहते हुए वह आईटीआई की पढ़ाई भी कर रहा था। वहीं कैदी की मां अंतर भवर ने जेल महानिदेशक को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि आईटीआई क्लास के दौरान बंदी सुभाष धोबी और विष्णु पंडित ने ब्लेड नुमा धारदार हथियार से उनके बेटे पर हमला किया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों का आरोप है कि जेल के भीतर चल रही कथित अवैध गतिविधियों की जानकारी चेतन को हो गई थी। इसी कारण उसे पहले धमकियां दी गईं और बाद में उस पर हमला कराया गया। शिकायत में जेल में मेट के पद पर कार्यरत सुमेर सिंह गुर्जर, बंदी अर्जुन उर्फ चीफ, मनीष सैनी, विष्णु पंडित और ललित के नाम भी शामिल किए गए हैं। घायल कैदी के भाई गजराज सिंह ने आरोप लगाया कि जेल के भीतर गुटखा, बीड़ी, मोबाइल फोन और नशीले पदार्थों की सप्लाई होती है। उनका दावा है कि चेतन को इन गतिविधियों की जानकारी हो गई थी और उसने इसकी शिकायत जेल आईजी विक्रम सिंह तथा डीजी अशोक राठौड़ को की थी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि पैसे लेकर बंदियों के बाड़े बदले जाते हैं। गजराज सिंह का कहना है कि शिकायत के बाद उनके भाई को मुंह बंद रखने की धमकी दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी के बाद अन्य बंदियों के जरिए हमला करवाया गया। इधर जेल आईजी विक्रम सिंह ने बताया कि घटना की सूचना कंट्रोल रूम से प्राप्त हुई थी। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर घायल कैदी के परिजनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई और चेतन सिंह की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस और जेल प्रशासन दोनों स्तर पर मामले की जांच जारी है।

## कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर (राज.)

क्रमांक :- न.वि.न्या./विकास/2026-27/222 दिनांक :- 10/06/2026

**निविदा सूचना संख्या 03/2026-27**

नगर विकास न्यास सीकर की ओर से भवन एवं सड़क मरम्मत / निर्माण संबंधी विभिन्न कार्यों, पौधों के रखरखाव एवं बाढ राहत संबंधित कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदकों द्वारा निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट **https://sppp.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर भरी हुई निविदा दिनांक 19.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक न्यास कार्यालय सीकर में जमा करवाये जा सकते हैं। निविदा के 8 कार्यों की अनुमानित लागत 33.40 लाख है।

**UBN No. : UIS2627WSOB00005 To UIS2627WSOB00012**

राज.संवाद/सी/26/4743 **अधिशाषी अभियन्ता**

## कार्यालय उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक ( आत्मा ) सीकर

Email ID :-PDATMA.SIKAR@RAJASTHAN.GOV.IN/pd_atma@rediffmall.com Phone No. :- 01572-274069 (O)

क्रमांक:- आत्मा/निविदा/2026-27/294-97 दिनांक :- 12.06.2026

**खुली बोली ( निविदा ) सूचना**
**बोली सूचना संख्या 01/2026-27**

कृषि उन्नति योजना (आत्मा) के तहत् आयोजित प्रशिक्षणों, कृषक गोष्ठी, अन्तर/ अन्तरा राज्य व अन्त: जिला कृषक भ्रमण तथा किसान मेला आदि में निम्नांकित कार्यों हेतु वर्ष 2026-27 में जब आवश्यक हो के आधार पर आपूर्ति करने के लिए वार्षिक दर अनुबंध हेतु पंजीकृत/अधिकृत फर्मों/व्यक्तियों से मोहरबंद बोली आमंत्रित की जाती है। बोली दिनाक 25.06.2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष गठित कमेटी द्वारा खोली जावेगी। बोली प्रपत्र एवं शर्तें दिनाक 25.06.2026 का दोपहर 12:00 बजे तक बोली शुल्क जमा करवाकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालय समय में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली शुल्क (रू. में) | अमानत राशि (रू. में) | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षण, कृषक गोष्ठी, मेला व अन्त: जिला, अन्तर/अन्तरा राज्य कृषक भ्रमण में भोजन, नाश्ता व चाय की आपूर्ति | 4.80 | 400 | 9600 | AGR2627SSOB 00216 |
| 2 | जिला/अन्तर/अन्तरा राज्य कृषक भ्रमण हेतु सेमी डीलक्स बस किराये पर उपलब्ध कराना | 4.80 | 400 | 9600 | AGR2627SSOB 00217 |

अमानत राशि बैंकर चैक/डीडी उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा सीकर के नाम से देय होगा। अलग-अलग सील बन्द बोली लीफाफो पर कार्य का विवरण अनिवार्यत लिखना होगा। बोली प्रपत्र एवं बोली की शर्तें http://sppp.raj.gov.in व कृषि विभागीय वेबसाइट http://agriculture.rajasthan.gov.in पर भी देखी अथवा डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किये गये बोली प्रपत्र के साथ बोली शुल्क रु. 400/- का डीडी/बैकर चैक संलग्न करना होगा।

(प्रिया झाझड़िया)
उप निदेशक कृषि एवं पदेन
परियोजना निदेशक आत्मा सीकर

DIPR/C/10428/2026

## क्षतिग्रस्त विद्युत पोल्स बदलने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता गणेश मंडावरिया ने विद्युत निगम के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन देकर वार्ड नं. 46 में क्षतिग्रस्त पड़े विद्युत पोलों को बदलने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड में अनेक जगहों पर क्षतिग्रस्त पोल्स हैं, जिनको बदले जाने की आवश्यकता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत इन्द्रपुरा
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/063-70 दिनांक : 04.06.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 12/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत इन्द्रपुरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0351 UBN-ZNR2627GLOB00505

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत इन्द्रपुरा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत इन्द्रपुरा
पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड नीम का थाना

**( दूरभाष संख्या 01574-230162, ई-मेल xenphednkt@gmail.com )**

क्रमांक: 1258-1267 दिनांक: 05-06-2026

**निविदा सूचना संख्या 06-07/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वा.अभि. विभाग में पंजीकृत संवेदक जो यथेष्ठ अनुभव रखते हो, निम्न कार्यो की मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से नियत समय में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें अंकित दिनांक 18.06.2026 सायं 6:00 बजे तक विक्रय कर दिनांक 19.06.2026 को प्रात: 11:00 बजे तक प्राप्त कर इसी तिथि को 1:00 बजे से उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्तें कार्यालय समय में या विभागीय वेब साईट http://sppp.raj.nic.in तथा dipr.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | यू.बी.एन. नं. | निविदा की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | अमानत राशि 0.5 प्रतिशत | निविदा शुल्क (रू. में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/2026-27 | Supply Of MCB 63 Amp at Division Store Neem Ka Thana | PHE2627WSOB 01768 | 1.50 | 3000 | 750 | 200 | 15 Days |
| 07/2026-27 | Supply Of Auto Switch & Kit Kit Fuse at Division Store Neem Ka Thana | PHE2627WSOB 01769 | 1.50 | 3000 | 750 | 200 | 15 Days |

**( अनिल कुमार जाखड़ )**
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
खण्ड-नीमकाथाना

DIPR/C/10108/2026

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT DIVISION SIKAR**
**(Tel. 01572-294311) Email. eephedskr@gmail.com**

NO: 1604 Dated 05/06/2026

NOTICE INVITING BID

Bid Procurement of Work supply of kit kit fuse, Division Sikar District-Sikar amounting Rs. 1.50 lacs are invited from interested bidders upto 12.00 PM date 15.06.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and phedtenders.raj.nic.in department website.

| NIT No | NIB No | UBN No |
|---|---|---|
| 28/26-27 | PHE2627A0888 | PHE2627GSOB01782 |

**(Ram Kumar Chahil)**
Ececutive Engineer
PHED Division Sikar

DIPR/C/10215/2026

## मांगों को लेकर दवाई खाद बीज एसोसिएसन ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** दवाई खाद बीज एसोसिएसन तारानगर ने राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी तारानगर को राजस्थान इनपुट डीलरों पर हो रहे अवेध वसली और अत्याचारों के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सम्पूर्ण प्रदेश के इन्पुट डीलरों एवं दवाई खाद बीज आदान विक्रेता लंबे समय से किसानों को आवश्यक कृषि सामग्री उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र की सेवा कर रहें है किन्तु वर्तमान समय में एसोसिएसन एवं इसके सदस्यों को विभिन्न प्रकार की अवेध वसूली (हाल ही में सीकर में जो प्रकरण) जिससे समस्त दुकानदारों में भारी रोष है जिसके चलते शुक्रवार को तारानगर दवाई खाद बीज एसोसिएसन के सभी दुकानदारों ने अपनी सभी दवाई खाद बीज की दुकाने बंद रखकर अपना रोष व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने सीकर में हाल ही में जो अवैध वसूली का प्रकरण हुआ है उसमें दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर एकदम सही तरीके से जाँच करने तथा हाल ही में बीकानेर जो एसीबी की कार्यवाही हुई है उसकी एकदम सही तरीके से जांच हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। तारानगर एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, सीताराम प्रजापत, विक्रम वालिया, सांवरमल प्रजापत, विकास कस्वां, महेंद्र तेतरवाल, आशाराम सैनी, चुन्नीलाल सैनी, प्रताप नेहरा, महेश सैनी, दीपक सहारण, मानसिंह बिजारणियां, गंगाधर सांगवान, प्रमोद कसवां, अभिषेक कुलड़िया सहित अनेक दुकानदारों ने मिलकर ज्ञापन दिया।

## जेडीए ने सड़क सीमा पर आ रहे 80 से अधिक अतिक्रमण हटाए



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर विकास प्राधिकरण जेडीए ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश पर प्रवर्तन दस्ते ने यातायात पुलिस और नगर निगम के सहयोग से गोपालपुरा बाईपास से गुर्जर की थड़ी होते हुए त्रिवेणी चौराहे तक करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाए। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि जोन-सी 05 क्षेत्र में सड़क सीमा पर किए गए करीब 80 अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। इनमें चबूतरे, सीढ़ियां, रेलिंग, थड़ियां, टेबल-कुर्सियां, होर्डिंग, साइन बोर्ड, लोहे के एंगल, टीनशेड और अन्य सामान शामिल थे। कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने अतिक्रमण सामग्री जब्त की। इसी क्षेत्र में गुर्जर की थड़ी स्थित गैर अनुमोदित गंगाराम नगर कॉलोनी में जेडीए की अनुमति के बिना बनाए गए टीनशेडनुमा कमरे को भी ध्वस्त किया गया। जोन-08 क्षेत्र में सांगानेर की चित्रकूट कॉलोनी में सड़क सीमा पर बने चबूतरे, बाउंड्रीवाल, टीनशेड, होर्डिंग और साइन बोर्ड हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं जोन-14 क्षेत्र में ग्राम रामचन्द्रपुरा, तहसील सांगानेर में खसरा संख्या 1060, 1061, 1065, 1066 और 1068 की गैर मुमकिन आम रास्ते की भूमि पर करीब 300 मीटर लंबाई में किए गए कब्जे हटाए गए। यहां बाउंड्रीवाल, झाड़ियां, कांटेदार बाड़ और तारबंदी कर रास्ता अवरुद्ध किया गया था, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी। इसके अलावा जोन-11 क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुरा स्थित शिव निकुंज कॉलोनी और राम लक्ष्मण वाटिका कॉलोनी के बीच सड़क सीमा पर बने चबूतरे, बाउंड्रीवाल और लोहे के गेट हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उप नियंत्रक प्रवर्तन प्रथम, द्वितीय एवं चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-सीए 19, 23, 25, 14, 08 और 11 के निर्देशन में जेसीबी मशीनों, श्रमिकों तथा राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की मौजूदगी में संपन्न हुई।

## झुंझुनू जिला फुटबॉल संघ की चुनाव प्रक्रिया शुरू

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** झुंझुनू जिले के फुटबॉल संघ की चार वर्षीय कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया हॉली लाइट प्ले स्कूल मे शुरू हुई। जिला फुटबॉल संघ के निर्वाचन अधिकारी परमेश्वर लाल धाबाई ने बताया कि कार्यकारिणी के विभिन्न पद अध्यक्ष एक पद, उपाध्यक्ष चार पद, सचिव एक पद, संयुक्त सचिव चार पद, कोषाध्यक्ष एक पद, कार्यकारिणी सदस्य सात पद हेतू नाम निर्देशन (नामांकन) प्रपत्र अध्यक्ष पद के लिए एक, उपाध्यक्ष पद के लिए पांच, सचिव पद के लिए दो, संयुक्त सचिव पद के लिए चार, कोषाध्यक्ष के लिए दो और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए पांच इस प्रकार कुल उन्नीस नामांकन पत्र जमा हुए। शुक्रवार को नामांकन जाँच की गई। जाँच के दौरान एक नामांकन पत्र कैलाश चंद शर्मा जो उपाध्यक्ष पद के लिए था अस्वीकृत किया गया बाकी विभिन्न पदो पर प्राप्त नामांकन पत्र स्वीकृत हुए। नामांकन पत्र वापसी 13 जून है इसके बाद ही सायं को चुनाव या निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन होना पता चल पायेगा।

## गैंगस्टरों का वित्तीय मैनेजमेंट देखने वाला गिरफ्तार

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में गत दिनों कांग्रेस नेता एवं प्रोपर्टी डीलर के मकान पर हुई फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने गैंगस्टरों का वित्तीय मैनेजमेंट देखने वाले 43 वर्षीय एक व्यक्ति को गुजरात से गिरफ्तार किया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि गुजरात के रहने वाले जयेश पुत्र रणछोड़ भाई विदेश में बैठे गैंगेस्टरों के लिए भारत में वित्तीय मैनेजमेंट करता है तथा उनके कहे अनुसार संबंधित लोगों को ऑनलाईन पेमेंट करता है, जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। पुलिस ने जयेश को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# तहसीलदार ने हटवाया अतिक्रमण, गामीणो को मिली राहत

श्रवण कुमार सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** नो सालो से बन्द पड़े बावडी से लाखनी जाने वाले रास्ते से आज प्रशासन ने आपसी समझाईस के बाद रास्ता खुलवा दिया। यहा पर उपखण्ड अधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार ने ग्रामीणों से खेतो में ही बैठ कर मामले का निपटारा करवाया। इससे पहले मौके पर ही किसानो व ग्रामीणो की समझाईस के लिए पटवारी व गिरदावरों को लगवाकर सीमा ज्ञान किया गया। इसके बाद रींगस तहसीलदार महेश ओला ने स्वयं ट्रैक्टर व जेसीबी चला कर रास्ते से अतिक्रमण हटा कर खुलवाया गया। यही नही ग्रामीणो की मांग पर मिट्टी आदि को हटवा कर बावडी में स्कूल के खेल मैदान में डाल कर उसे समतल भी कर दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों में हर्ष की लहर है। । इसके बाद यह कार्रवाडी समझाईस के बाद की गई। उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि करीब नौ साल से बावडी से



लाखनी जाने वाला एक रास्ता अतिक्रमण व सीमा ज्ञान के अभाव में बन्द पड़ा था। इससे कई गांवो व ढाणियों के साथ किसान अपने खेतो में जाने के लिए परेशान हो रहे थे। इस सम्बंध में एक रिट भी माननीय न्यायालय में दायर की गई थी। प्रकरण के अनुसार रास्ते को खुलवाने के लिए तहसीलदार रींगस महेश ओला को निदेश दिये गये थे। ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान तहसीलदार महेश ओला ने मौके पर पहुंच कर खेतो में ही किसानो से चर्चा की। इसके बाद किसानों व अन्य की मांग पर मौके पर ही पटवारियो व गिरदावरों की टीम लगा कर सीमा ज्ञान करवाया गया। इसके बाद तहशीलदार ने मौके पर जेसीबी व ट्रेक्टरों की मदद से अतिक्रमण को हटा कर मौके से ही मिट्टी व झंझाड को हटा दिया गया। ग्रामीणो की मांग पर यह मिट्टी एक स्कूल के खेल मैदान में डाल कर उसे समतल कर दिया गया। इस कार्रवाही में तीन ट्रेक्टरों की मदद ली गई। प्रशासन के इस कार्रवाही की प्रशसा की गई। इस दौरान अनेक अधिकारी वह पुलिस का जाब्ता मौके पर मौजूद था।

## विद्यालयों के कार्मिकों की सेवा पुस्तिका की हुई जांच

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** वित्त विभाग राजस्थान सरकार के आदेश की पालना में सीबीईओ कार्यालय में अधीनस्थ सभी विद्यालयों के कार्मिकों की सेवा पुस्तिका जांच एसीबीओ उमेश जाखड़ प्रभारी एवं दो जांच दलों द्वारा की जा रही है। कार्मिकों के एसीपी व एमएसीपी तथा पदोन्नति प्रकरणों, वेतन विसंगतियां आदि की सेवा पुस्तिका में गहनता से जांच दल द्वारा जांच की जा रही है एवं उनका निस्तारण किया जा रहा है। जांच दल में एएओ अरविंद शर्मा, प्रीति शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज अग्रवाल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शीशपाल घुघरवाल, दिलीप सैनी, लीलाधर शर्मा, चंद्र मोहन सोनी, शुभकरण शर्मा शामिल है।

## हाईवे चौड़ाईकरण कार्य जुलाई में होगा पूर्ण

### एनएचआई अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** करंट बालाजी चौराहे सहित रेलवे ओवरब्रिज से डीडवाना ओवरब्रिज तक लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई ने सड़क सुधार की दिशा में कदम उठाते हुए दिसंबर में हाईवे चौड़ाई करण का कार्य शुरू किया था जो चार महीनों से बंद पड़ा था। यहां कार्य बीच में बंद होने से आमजन और यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनकर रह गया। शिकायतों के बाद शुक्रवार को जयपुर से एनएचआई अधिकारियों की टीम लाडनूं पहुंची और बंद कार्य का निरीक्षण किया। डीजीएम काशीप्रसाद ने बताया कि जुलाई माह के प्रथम सप्ताह तक लाडनूं हाईवे चौड़ाईकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। यहां अधिकारियों की मौजूदगी में ठेकेदार द्वारा इस मार्ग पर सड़क चौड़ाई करण का कार्य शुरू कर दिया गया है। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग को दोनों ओर से लगभग 14 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। चौड़ाई करण के साथ हादसों पर नियंत्रण करने के लिए सड़क के दोनों और मेटल बीम और लोहे की जाली लगाकर हाईवे कवर किया जाएगा। सड़क चौड़ाई करण के दौरान हाईवे सीमा में आ रहे हिस्सों को खाली किया जाएगा। यहां लगे पेड़ो को भी कार्य के दौरान अन्यत्र शिफ्ट करवाया जाएगा। हाईवे प्रशासन ने संबंधित दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान के बाहर सड़क की सीमा में रखा हुआ सामान समेटने के निर्देश भी दिए हैं।

## नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** आईआईटी कानपुर एवं हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय में साथी केंद्र प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन किया। परीक्षा का उद्देश्य 50 छात्रों का चयन करना था जिन्हें साथी पहल के अंतर्गत नि:शुल्क शैक्षणिक सहायता, मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर प्रदान किया जाएगा। केसीसी प्रोजेक्ट के वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर घनश्याम दास ने बताया कि ऑफलाइन परीक्षा में करीब 100 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा आईआईटी कानपुर एवं एचसीएल के संकाय सदस्यों और प्रतिनिधियों की देखरेख में किया गया। अभ्यर्थियों ने जेईई, एनईईटी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, विधि एवं विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि साथी केंद्र कार्यक्रम, आईआईटी कानपुर का उद्देश्य प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षण एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन के माध्यम से



विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्रों को सहायता प्रदान करना तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में उनकी सफलता के अवसरों को सुदृढ़ करना है। साथी शिक्षा मंत्रालय द्वारा आईआईटी कानपुर के सहयोग से विकसित एक नि:शुल्क शिक्षण एवं मूल्यांकन मंच है। डिजिटल अवसंरचना तक सीमित पहुंच रखने वाले छात्रों तक इन सुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से साथी केंद्रों की स्थापना भौतिक शिक्षण केंद्रों के रूप में की गई है।

# जिला कलेक्टर ने शहरी सेवा शिविर का किया औचिक निरीक्षण

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर के आदेश में निर्देशानुसार शुक्रवार को नगरपालिका के पास में स्थित गार्डन में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया। झुंझुनू जिला कलेक्टर डॉ अरुण कुमार गर्ग ने भी शिविर का औचिक निरीक्षण किया। निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही निरीक्षण के बाद में पात्र लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

ईओ लोकेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय में वार्ड सं. 01 व 2 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगरपालिका, बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में




नगरपालिका नवलगढ़ द्वारा 02 पत्रावलियो का नामान्तरण, 02 विवाह प्रमाण पत्र 05 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गये तथा अन्य विभागो द्वारा भी शिविर में प्राप्त आवेदनों/समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शहरी सेवा शिविर 12 जून से 15 जुलाई तक जारी रहेंगे। इस दौरान ईओ लोकेन्द्र सिंह शेखावत, लेखाधिकारी जुगल किशोर सैनी, जेईएन नितेश कुमार, विजय सिंह राणा, अनिल कुमार शर्मा, सुल्तान सैनी सहित कई मौजूद रहे।

## उपचार करवाने आए युवक ने दी डॉक्टर को जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** नवरतन वर्मा द्ध चूरू के राजकीय भरतिया अस्पताल में उपचार करवाने आए एक शख्स को डॉक्टर से उलझना भारी पड़ा है। कोतवाली पुलिस ने बताया की सूचना मिली की भरतिया अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में कार्यरत ड्यूटी डॉक्टर से उपचार करवाने आया एक शख्स अभद्रता कर गाली गलौच कर रहा है और डॉक्टर को जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिस पर मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक मौके से भाग चूका था थोड़ी देर बाद आरोपी युवक पंखा रोड पर बाइक से वापिस भरतिया अस्पताल की तरफ आ रहा था जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक को रोककर पूछताछ शुरू की तो आरोपी पुलिस से भी उलझने लगा और डॉक्टर को देख लेने की धमकी देने लगा। जिस पर कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के वार्ड 4 निवासी कुशाल प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया।

## 15 से शुरू होंगे नगर निगम के शहरी सेवा शिविर

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर निगम जयपुर द्वारा 15 जून से 15 जुलाई 2026 तक शहरी सेवा शिविर-2026 आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत 15 जून को सांगानेर जोन के अंबेडकर भवन, सामुदायिक केंद्र में आयोजित शिविर से होगी। शिविरों का समय प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि शिविरों में आमजन की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों का मौके पर समाधान किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, पेयजल बिजली, बैठने और छाया की व्यवस्था की जाएगी। सभी आवेदन ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे, जबकि ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों को भी ऑनलाइन दर्ज कर निस्तारित किया जाएगा। शिविरों में लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करने, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, भू-उपयोग परिवर्तन, उपविभाजन-पुनर्गठन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, यूडी टैक्स जमा कराने, जन्म-मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, फायर एनओसीए ट्रेड लाइसेंस, सीवर कनेक्शन और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जैसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

## जमीनी विवाद में युवक के सिर पर कुल्हाड़ी मारी

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के रोड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जानलेवा हमले का मामला दर्ज हुआ है। यह घटना शुक्रवार को नोखा थाने में लखोटिया बास निवासी महावीर मूंदड़ा की रिपोर्ट पर दर्ज की गई। महावीर मूंदड़ा ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 11 जून की दोपहर को उनका भाई ओमप्रकाश कृष्णा रेजिडेंसी नामक कॉलोनी में गया था। ओमप्रकाश ने महावीर को फोन कर बताया कि अमरचंद मनिहार, राम अवतार मनिहार, संजय भट्टड़, सत्यनारायण भट्टड़ और दो-तीन अन्य लोग वहां आए हुए हैं और उन्हें बुला रहे हैं। परिवादी महावीर मूंदड़ा दोपहर लगभग 3 बजे कॉलोनी पहुंचे, जहां मांगीलाल बिश्नोई निवासी कूदसू भी मौजूद थे। महावीर के पहुंचते ही उनके भाई ओमप्रकाश ने बताया कि उपरोक्त लोग धमकी देकर गए हैं कि वे आधे घंटे बाद वापस आएंगे और उन्हें कॉलोनी में रहने से मना किया है। इसके कुछ देर बाद एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से अमरचंद, राम अवतार, संजय, सत्यनारायण और दो-तीन अन्य लोग नीचे उतरे। उतरते ही उन्होंने महावीर मूंदड़ा के साथ मारपीट शुरू कर दी और कहा कि वे उनकी कॉलोनी का सीमा ज्ञान करवाएंगे। इसी दौरान संजय भट्टड़ ने अपने हाथ में पकड़ी कुल्हाड़ी से महावीर के सिर पर जानलेवा हमला किया, जिससे उनका सिर फट गया। उनके साथ आए अन्य लोगों ने भी महावीर के साथ मारपीट की। जब उनके भाई ओमप्रकाश और मांगीलाल बिश्नोई उन्हें बचाने आए, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल महावीर मूंदड़ा को नोखा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बीकानेर रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी।

# नगरपालिका शहरी सेवा शिविर का हुआ शुभारंभ

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की पालना में शहरी सेवा शिविर 2026 शुक्रवार 12 जून 2026 से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाना है। शिविर का विधिवत शुभारंम्भ नगर पालिका द्वारा नगर पालिका सभागार में शुक्रवार को किया गया। कैम्प के पहले दिन ही पालिका द्वारा कृषि भूमि पट्टा व भवन निर्माण स्वीकृति के 1-1 प्रकरण निस्तारित किये गये और 69-ए के 02 पट्टे वितरण किये गये। इसी क्रम में पालिका में त्वरित गति से 04 विवाह पंजीयन व जन्म-मृत्यू के 15 प्रमाण पत्र जारी किये गये। शिविरों में बहुत ज्यादा आम जन की सहभागिता रही। जनता द्वारा पालिका द्वारा किये गये कार्यों के लिए सराहना की गई। कैम्प में विद्युत, जलदाय विभाग, चिकित्सा विभाग,




सामाजिक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्मिको की उपस्थिती रही। शिविर का उपखण्ड अधिकारी ममता लहुआ द्वारा शिविर का निरिक्षण किया गया अधिशाषी अधिकारी हरेन्द्र चौधरी द्वारा शिविर में होने वाले कार्य, रियायतों आदि के बारे में जानकारी उपखण्ड अधिकारी को दी गई। उपखण्ड अधिकारी द्वारा शिविर मे हो रहे कार्य की सराहना की गई।

### एसडीएम को विभिन्न समस्याओं से करवाया अवगत

शिविर में स्थानीय नागरिक राजेंद्र कुमार चोटिया ने एसडीएम ममता लहुआ को शहरी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की। चोटिया ने बताया कि शहर में पानी की 5 से 7 दिन अंतराल में सप्लाई की समस्या होने से आमजन परेशान है। यहां रिपेयरिंग के नाम पर बार बार लाइट की कटौती की जा रही है। हाईवे से सटी हुई कृषि भूमि पर बिना भू रूपांतरण आवासीय कोलोनिया काटी जाने से होने वाले सरकारी राजस्व के नुकसान के बारे में भी अवगत करवाया।

## बरसाती पानी निकासी के लिए समुचित प्रबंध करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को एक ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ में बारिश के समय पर होने वाले जलभराव की समस्या से पूर्व समुचित प्रबंध किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में जयश्री दाधीच ने बताया है कि पिछले साल सुजानगढ़ में अतिवृष्टि से करोड़ों का नुकसान हुआ था। इसलिए तलाईयों से जल निकासी के लिए अतिरिक्त पाईप लाईन, पंप सेट आदि की व्यवस्था करने तथा उचित प्रबंधन करने के लिए स्थानीय प्रशासन को आदेश दिए जावे।